हर भारतीय का बैंक







# ग्राहक अभिनंदन: उत्पाद एवं सेवाएँ














योनो एप डाऊनलोड करने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

# प्राक्कथन

भारतीय स्टेट बैंक में हम अपने उत्पादों की गुणवत्ता और अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं दोनों के लिए प्रतिबद्ध हैं और 'उत्पादों एवं सेवाओं की विवरण पुस्तिका' हमारी इसी ग्राहकोन्मुखता की अभिव्यक्ति है।

इस पुस्तिका का पुनरीक्षित संस्करण हमारे ग्राहकों को हमारे कुछ उत्पादों एवं सेवाओं की एक झलक देने के लिए प्रस्तुत किया गया है। यद्यपि, हमने पुस्तिका की विषयपस्तु को अद्यतन प्रस्तुत करने का प्रयास किया है, तथापि पुस्तिका की विषय-वस्तु को एक विशिष्ट तिथि पर संकलित किया गया है और यह समय-समय पर परिवर्तनों/अद्यतनों के अधीन है। हम अनजाने में हुई किसी भी त्रुटि, अशुद्धियों या चूक के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेते हैं और बिना किसी सूचना के किसी भी समय पुस्तक में निहित जानकारी में परिवर्तन और सुधार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इस पुस्तिका में दिए गए सुझाव हमारे अधिकारियों के साथ परामर्श करने के विकल्प के रूप में नहीं हैं। हम अपने ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि वे शाखा/ विपणन इकाइयों से संपर्क करें, अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए हमारी वेबसाइट (www.sbi.co.in) पर जाएं, अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और व्यक्तिगत परिस्थितियों से संबंधित मामलों के अनुरूप/पूरा करने हेतु उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला के संबंध में पेशेवर परामर्श लें।

सर्व अधिकार सुरक्षित।

इसके अलावा, इस पुस्तिका की सामग्री को बगैर अनुमति किसी भी रूप में पुनः प्रस्तुत करना, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत करना या किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रोस्टैटिक, चुंबकीय टेप, यांत्रिक, फोटोकॉपी, प्रिंटिंग, रिकॉर्डिंग या अन्यथा करना वर्जित है।

हमारा मानना है कि यह पुस्तिका उपयोगी साबित होगी और हमारे ग्राहकों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी।

संस्करण 3.0

दिनांकः 30.04.2025

# प्रस्तावना



**विनय एम. तोन्से**

प्रबंध निदेशक
(खुदरा व्यवसाय एवं परिचालन)

प्रिय सम्मानित ग्राहक,

मुझे स्टेट बैंक परिवार में आपका स्वागत करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। आपको सेवाएं देना और एक सुखद एवं निर्बाध बैंकिंग अनुभव प्रदान करना हमारा सौभाग्य है।

स्टेट बैंक में, हम सदैव आपके लिए बेहतरीन बैंकिंग सेवाएं और उत्पाद लाने का प्रयास करते हैं। हम आपको अभिनव समाधान और प्रौद्योगिकी-संचालित उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो आपकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करते हों। अपने नए ग्राहक के रूप में, हम आपको अपने कुछ उत्पादों और रोमांचक पेशकशों की जानकारी देना चाहते हैं। यह पुस्तिका आपको हमारे सभी उत्पादों की एक झलक देने का प्रयास है।

एसबीआई योनो हमारा नवोन्नत मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन है जो हमारे वित्तीय उत्पादों का गुलदस्ता है। यह शक्तिशाली ऐप है जो, आपको अपने मोबाइल फोन पर कुछ टैप के माध्यम से अपने खाते तक पहुंचने, निधि अंतरण, बिलों का भुगतान और बहुत कुछ करने की सुविधा प्रदान करता है। हम आशा करते हैं कि यह ऐप आपके बैंकिंग करने के तरीके को बदल देगा। हम आपको इसे डाउनलोड करने और इसे आज़माने हेतु प्रोत्साहित करते है।

हम आपके लिए निवेश और बीमा उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मददगार होगा। विशेषज्ञों की हमारी टीम हमेशा इस प्रक्रिया में आपका मार्गदर्शन करने के लिए तैयार है जो आपके लिए उपयुक्त और सर्वोत्तम उत्पाद चुनने में सहायता करेगी।

इन पेशकशों के अलावा, हमारी बचत और चालू खाता, व्यक्तिगत ऋण, आवास ऋण, क्रेडिट कार्ड जैसे पारंपरिक बैंकिंग सेवाएं जारी हैं। उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के उसी स्तर के साथ इन सेवाओं को प्रस्तुत करने पर हमें गर्व है, जिसने हमें देश के सबसे भरोसेमंद बैंकों में से एक बना दिया है।

एक बार फिर, मैं आपका हार्दिक स्वागत करना चाहता हूं। हम आपको स्टेट बैंक परिवार के हिस्से के रूप में पाकर उत्साहित हैं और हम आपकी सेवा करने के लिए तत्पर हैं।

प्रबंध निदेशक

(खुदरा व्यवसाय एवं परिचालन)

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| **वैयक्तिक : जमा उत्पाद** | |
| बचत बैंक खाता | 1 |
| सेविंग्स प्लस खाता | 2 |
| पेंशन खाता | 2 |
| अवयस्क खाता | 2 |
| आवर्ती जमा | 2 |
| मीयादी जमा | 3 |
| मीयादी जमा के प्रकार | 3 |
| एसबीआई ग्रीन रुपी टर्म डिपॉजिट | 3 |
| अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए) | 4 |
| कैपिटल गेन खाता | 4 |
| चालू खाता - व्यक्तिगत | 4 |
| **वैयक्तिक : ऋण उत्पाद** | |
| आवास ऋण | 5 |
| वाहन ऋण | 5 |
| वैयक्तिक ऋण | 5 |
| शिक्षा ऋण | 5 |
| पेंशन ऋण | 5 |
| स्वर्ण ऋण | 5 |
| जमा राशियों पर ऋण | 6 |
| सोलर रूफ़ टॉप ऋण के लिए एसबीआई सूर्य घर योजना | 6 |
| एनएससी/केवीपी की प्रतिभूति पर ऋण | 6 |
| बीमा पॉलिसियों पर ऋण | 6 |
| म्यूचुअल फंड यूनिटों पर ऋण | 6 |
| सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) पर ऋण | 6 |
| **वैयक्तिक : स्वर्ण संबंधी जमा एवं ऋण उत्पाद** | |
| संशोधित स्वर्ण जमा योजना (आरजीडीएस) | 7 |
| मेटल गोल्ड लोन (एमजीएल) | 7 |
| सोने की बिक्री (थोक) | 7 |
| **एनआरआई जमा उत्पाद** | |
| एफसीएनआर (बी) जमाराशियां | 8 |
| एफसीएनआर(बी) धनलक्ष्मी जमा अभियान | 9 |
| एफसीएनआर (बी) प्रीमियम जमा खाता | 9 |
| एनआरई बचत खाते | 10 |
| एनआरई मीयादी जमा (टीडीआर/एसटीडीआर) | 11 |
| एनआरओ बचत खाते | 12 |
| एनआरओ मीयादी जमा (टीडीआर/एसटीडीआर) | 12 |
| **डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और ग्राहक सुविधा** | 13 |
| **एनआरआई सर्विसेस** | |
| एफएक्स-आउट | 14 |
| छात्र गारंटीकृत निवेश प्रमाण पत्र | 14 |

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| **सरकारी जमा योजनाएँ** | |
| लोक भविष्य निधि योजना | 15 |
| सुकन्या समृद्धि खाता | 16 |
| वरिष्ठ नागरिक बचत योजना | 17 |
| **सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ** | |
| अटल पेंशन योजना | 18 |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना | 18 |
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना | 18 |
| प्रधानमंत्री जन धन योजना | 18 |
| **निवेश एवं बीमा** | |
| जीवन बीमा | 19 |
| साधारण बीमा | 19 |
| म्यूचुअल फंड | 19 |
| राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली | 19 |
| डीमैट सेवाएँ | 19 |
| क्रेडिट कार्ड | 19 |
| **एसबीआई वेल्थ** | 20 |
| **एसबीआई प्रीमियर** | 21 |
| **व्यवसाय : जमा उत्पाद** | |
| चालू खाता | 22 |
| शुभारम्भ प्रीमियम चालू खाता | 23 |
| बिजनेस डेबिट कार्ड | 23 |
| डिजिटल समाधान | 23 |
| सुरभि चालू खाता | 24 |
| सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/वैधानिक निकायों आदि के लिए चालू खाता | 24 |
| रिएलटर चालू खाता | 24 |
| स्मार्ट संग्रह चालू खाता | 25 |
| कोई ग्रहणाधिकार नहीं (नो लियन) चालू खाता | 25 |
| एस्क्रो चालू खाता | 25 |
| आयात-निर्यात व्यापारी चालू खाता | 26 |
| एकल प्रोपराइटर के लिए डिजिटल चालू खाता खोलने की संपूर्ण प्रक्रिया | 26 |
| **अन्य डिजिटल सेवाएं** | |
| नकदी प्रबंधन उत्पाद | 27 |
| व्यापारी अधिग्रहण व्यवसाय (मर्चेंट एक्वायरिंग बिज़नेस) | 28 |
| **व्यवसाय : ऋण उत्पाद** | |
| कैश क्रेडिट (कार्यशील पूंजी) | 29 |
| मीयादी ऋण | 29 |
| ई-वीएफएस (इलेक्ट्रॉनिक वेंडर फाइनेंस स्कीम)-आईएम एक्सपोजर वेरिएंट | 29 |
| ई-डीएफएस (इलेक्ट्रॉनिक डीलर फाइनेन्स स्कीम) | 29 |

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| ई-वीएफ़एस (इलेक्ट्रॉनिक वेंडर फाइनेन्स स्कीम) वेंडर एक्सपोजर वेरिएंट | 29 |
| निर्यात वित्त | 29 |
| परिसंपत्ति समर्थित ऋण- एबीएल (सरल) | 30 |
| एसबीआई एबीएल | 30 |
| टीएमएफएल टाई-अप के अंतर्गत एसबीआई फ्लीट ऋण | 30 |
| वेयरहाउस रसीदों (डब्ल्यूएचआर) पर वित्त: | 30 |
| एसएमई कार ऋण | 30 |
| एसबीआई फ्लीट फाइनेंस स्कीम (नियमित) | 30 |
| स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय ऋण | 30 |
| व्यापार नियम इंजन (बीआरई) | 31 |
| सोलर विक्रेताओं का वित्तपोषण | 31 |
| एसबीआई ईवी: मित्रा- ईवी (इलेक्ट्रिकल वाहन) सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन के लिए वित्त | 31 |
| **कृषि : ऋण उत्पाद** | |
| किसान समृद्धि ऋण (केएसआर) | 32 |
| कृषि और खाद्य उद्यम ऋण (एएफ़ईएल) | 32 |
| स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषण | 33 |
| कृषि स्वर्ण ऋण | 33 |
| प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) योजना | 33 |
| स्वयं-सिद्ध पहल | 33 |
| कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) | 34 |
| किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) | 34 |
| पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ़) | 34 |
| वेयरहाउस रसीद वित्तपोषण-कृषि | 35 |
| परिसंपति समर्थित कृषि ऋण (एबीएएल) | 35 |
| मुद्रा ऋण - संबद्ध कृषि गतिविधियां | 36 |
| ट्रैक्टर ऋण | 36 |
| मत्स्य पालन/प्रसंस्करण | 37 |
| मुर्गी पालन/प्रसंस्करण | 37 |
| डेयरी/प्रसंस्करण | 37 |
| **बेहतर डिजिटल अनुभव** | **38** |
| **अन्य डिजिटल सेवाएं** | |
| डेबिट कार्ड | 39 |
| प्रीपेड कार्ड | 39 |
| स्टेट बैंक विदेश यात्रा कार्ड | 40 |
| ग्रीन चैनल काउंटर | 40 |
| एसएमएस अलर्ट | 40 |
| एंटरप्राइज-वाइड लॉयल्टी प्रोग्राम (ईडबल्यूएलपी) | 40 |
| **यूपीआई- योनो एवं भीम एसबीआई पे** | **41** |
| **व्हाट्सएप बैंकिंग** | **42** |

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
| --- | --- |
| **रिटेल इंटरनेट बैंकिंग** | |
| पंजीकरण की विधि | 43 |
| आईएनबी के माध्यम से उपलब्ध सेवाएं | 43 |
| सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग के उपाय - क्या करें | 43 |
| सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग के उपाय - क्या न करें | 44 |
| योनो लाइट | 44 |
| सुरक्षित ओटीपी ऐप | 44 |
| **योनो लाइट** | **45** |
| **योनो : दि डिजिटल बैंक** | |
| योनो पंजीकरण प्रक्रिया | 46 |
| वित्तीय / गैर-वित्तीय उत्पाद एंव सेवाएं | 47 |
| व्यापारी | 48 |
| योनो कृषि | 49 |
| **डिजिटल बैंकिंग** | |
| नए युग की बैंकिंग | 50 |
| डिजिटल उत्पाद | 50 |
| **डिजिटल पहल** | |
| डीडीई सुविधा | 50 |
| वीडियो केवाईसी | 50 |
| अन्य पहल | 50 |
| **डिजिटल लेन-देन के लिए तैयार खाता** | **51** |
| एसबीआई यूनिपे | 52 |
| एसबीआई क्विक | 52 |
| **अन्य डिजिटल सेवाएं** | |
| एसबीआई ईपे | 53 |
| एसबी कलेक्ट | 53 |
| एएसवीए | 53 |
| **अन्य सुविधाएं** | |
| डोरस्टेप बैंकिंग | 54 |
| लॉकर सुविधा | 54 |
| **एसबीआई फास्टैग** | **55** |
| **ट्रांजिट कार्ड** | |
| नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड | 56 |
| नेशन फर्स्ट ट्रांजिट कार्ड | 57 |
| **अन्य सेवाएं** | |
| ग्राहक सेवा केंद्र | 58 |
| बैंक की प्रतिबद्धता कोड | 58 |
| संपर्क केंद्र सेवाएँ | 59 से 61 |
| **अपने मामलों को 24/7 उठाएं** | **62** |
| **आसान बैंकिंग, सिर्फ एक कॉल में** | **63** |

# आपका स्वागत है

भारतीय स्टेट बैंक को एक ग्राहक केंद्रित बैंक होने और अपनी विस्तृत शाखा, एटीएम नेटवर्क एवं डिजिटल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से हर भारतीय को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने पर गर्व है।

आपकी वैयक्तिक और व्यावसायिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हमारे विभिन्न डिलीवरी चैनलों पर उपलब्ध उत्पाद एवं सेवाओं के विवरण पर एक नजर डालें

अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bank.sbi या https://sbi.co.in पर लॉग इन करें

## वैयक्तिक : जमा उत्पाद

### बचत बैंक खाता

- बचत बैंक खाता खोलना/योनो/शाखा के माध्यम से परिचालन
- शाखा गए बिना वीडियो ग्राहक पहचान प्रक्रिया के द्वारा खाता खोलने की सुविधा
- किसी भी मोड यानी डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, पीओएस और योनो ऐप के माध्यम से संचालन।
- डिजिटल मोड के माध्यम से असीमित नि:शुल्क लेन-देन
- कोई एसएमएस शुल्क नहीं। लेन-देन का नियमित अपडेट प्राप्त करने के लिए कृपया अपनी होम शाखा में अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत करें।
- नि:शुल्क समेकित खाता विवरण
- आपकी सेवा में अनेक शाखाएं और एटीएम
- औसत मासिक अधिशेष राशि से जुड़ी शाखाओं व एटीएम में नि:शुल्क नकद निकासी की संख्या
- डोरस्टेप बैंकिंग
- जमा राशि की कोई सीमा नहीं
- खाते को आईएनबी/योनो/शाखा के माध्यम से किसी अन्य शाखा में स्थानांतरित किया जा सकता है।
- चेक बुक सुविधा के साथ/बिना चेक बुक के भी खाता खोलने की सुविधा।
- ऑटो स्वीप सुविधा उपलब्ध
- अधिक जानकारी और लागू सेवा शुल्कों के विवरण के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट www.bank.sbi देखें।
- वर्तमान में, बैंक बचत बैंक खातों में न्यूनतम औसत शेष राशि न बनाए रखने के लिए कोई जुर्माना नहीं लगा रहा है

# वैयक्तिक : जमा उत्पाद

## बचत खाता

- **सेविंग्स प्लस खाता :**

  i. एसबीआई मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट स्कीम (एमओडीएस) बचत खाते से जुड़ा मीयादी जमा है

  ii. बचत बैंक खाते में एक न्यूनतम अधिशेष से ऊपर मीयादी जमा की ब्याज दर प्राप्त करें

  iii. एमओडीस बनाने के लिए ऑटो स्वीप सुविधा उपलब्ध है।

  iv. पूर्णतः तरल जमा, जिसे चेक/एटीएम/आईएनबी/योनो के माध्यम से 1,000 रुपए के गुणकों में निकाला जा सकता है।

- **पेंशन खाता :**

  I. कोई न्यूनतम अधिशेष शुल्क नहीं

  II. बचत बैंक खातों के समान अन्य सुविधाएं उपलब्ध

- **अवयस्क खाता :**

  i. किसी भी आयु के अवयस्क के नाम पर माता-पिता अथवा कानूनी रूप से नियुक्त अभिभावक के साथ बचत/मीयादी/आवर्ती बैंक जमा खाता खोलना

  ii. 10 वर्ष से अधिक आयु के अवयस्कों को स्वतंत्र रूप से बचत बैंक खाते खोलने और परिचालन की अनुमति है

  iii. नि:शुल्क फोटो डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/एमओडी सुविधा।

- **नामांकन सुविधा :**

  i. सभी जमा/सुरक्षित जमा लॉकर खाते में नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है।

  ii. केवल व्यक्ति के पक्ष में किया जा सकता है।

## आवर्ती जमा

- न्यूनतम किस्त रुपये 100/- और 10/- के गुणकों में
- न्यूनतम अवधि: 12 माह, अधिकतम: 10 वर्ष
- मीयादी जमा के लिए लागू जैसी ब्याज दर
- सरकारी निर्देशानुसार टीडीएस कटौती

**हर घर लखपति:**

- आवर्ती जमा योजना का प्रकार, जो ग्राहकों को हर माह छोटी बचत जमा करके ₹1.00 लाख (एक लाख रुपये) या उससे अधिक के संचय द्वारा 'लखपति' बनने में सक्षम बनाता है।
- जमा की अवधि 3 से 10 वर्ष तक.
- अन्य सभी नियम और शर्तें वर्तमान आवर्ती जमा योजना के अनुसार।

## मीयादी जमा

- 7 दिन से 10 वर्ष तक की जमा अवधि
- जमा राशि न्यूनतम 1,000/- रुपए, अधिकतम - कोई सीमा नहीं
- ऑटो नवीकरण विकल्प उपलब्ध
- आयकर दिशानिर्देशों के अनुसार टीडीएस लागू
- फॉर्म 15जी/15एच जमा किए जाने पर टीडीएस नहीं काटा जाएगा (आयकर दिशानिर्देशों के अनुसार)
- वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष और उससे अधिक) और अति वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष और उससे अधिक) आम जनता के लिए कार्ड दर की तुलना में अतिरिक्त ब्याज दर के पात्र हैं। वरिष्ठ नागरिकों की तुलना में 10 बीपीएस अधिक ब्याज दर की सुविधा के लिए सुपर सीनियर नागरिकों के लिए 'एसबीआई संरक्षक' पेश किया गया है।
- ऋण सुविधा उपलब्ध

## मीयादी जमा के प्रकार

- टीडीआर : आवधिक अंतराल पर ब्याज का भुगतान (अर्थात मासिक/तिमाही/छमाही)
- एसटीडीआर : केवल परिपक्वता पर ब्याज का भुगतान
- ई-टीडीआर : आप इंटरनेट बैंकिंग/योनो के माध्यम से मीयादी जमा को आसानी से खोल/बंद कर सकते हैं (शाखा माध्यम से खोले गए टीडीआर डिजिटली बंद नहीं किए जा सकते हैं)
- एमओडी : बचत/चालू खाते से जुड़े मीयादी जमा, जिनमें 1,000 रुपए गुणकों में चेक/एटीएम/आईएनबी के माध्यम से राशि निकाली जा सकती है।

## एसबीआई ग्रीन रुपी टर्म डिपॉजिट

ग्रीन रुपी टर्म डिपॉजिट एसबीआई द्वारा शुरू की गई एक विशेष सावधि जमा योजना है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल/हरित परियोजनाओं में निवेश के लिए समर्पित धन जुटाना और देश में हरित वित्त पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है.

- **पात्रता:** निवासी, गैर-व्यक्ति (एचयूएफ, एकमात्र स्वामित्व। सोसायटी, क्लब, गैर-लाभकारी संगठन आदि) और एनआरआई योजना के लिए पात्र हैं।
- **न्यूनतम जमा** -1,000/-, अधिकतम- कोई सीमा नहीं (केवल आईएनआर में)
- **जमा की अवधि:** 1111 दिन, 1777 दिन, 2222 दिन की तीन अवधि।
- **तरलता:** एसबीआई ग्रीन डिपॉजिट के विरुद्ध ओवरड्राफ्ट/डिमांड लोन सुविधा उपलब्ध है।
- **सामान्य सावधि जमा की समयपूर्व निकासी के लिए लागू दिशानिर्देशों के अनुसार** समयपूर्व निकासी।
- वरिष्ठ नागरिक जनता की तुलना में अतिरिक्त ब्याज दर के पात्र हैं।
- **नामांकन:** उपलब्ध
- **टीडीएस** इनकम टैक्स नियमों के अनुसार लागू होता है। ग्राहक टीडीएस की कटौती न करने के लिए नियमों के अनुसार फॉर्म 15जी/15एच जमा कर सकते हैं।
- ब्याज दर और अन्य विवरणों के लिए https://bank.sbi/web/personal-banking/investments-deposits/deposits/sbi-green-rupee-term-deposit पर जाएं

## अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन

- ब्लॉक की गई राशि (एएसबीए) समर्थित आवेदन निवेशक द्वारा किया गया एक आवेदन है, जिसमें स्व-प्रमाणित सिंडिकेट बैंक (एससीएसबी) को आवेदक के बचत बैंक खाते या चालू खाते (ओवरड्राफ्ट या ऋण खातों के अलावा) में उपलब्ध धन को ब्लॉक करने का अधिकार है, ताकि किसी निर्गम (इश्यू) में आवेदन राशि की सीमा तक, निर्गम में आबंटन को अंतिम रूप दिए जाने तक या निकासी/निर्गम की विफलता तक, या आवेदन वापस लेने/अस्वीकार करने तक, जैसा भी मामला हो, निवेश किया जा सके।
- यह एक पूरक प्रक्रिया है जो बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से सभी पब्लिक इश्यू और सभी डेट और पब्लिक इश्यू के लिए उपलब्ध है। एएसबीए सुविधा का उपयोग प्रारंभिक पब्लिक ऑफर (आईपीओ) और फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के लिए किया जा सकता है।
- यदि कोई निवेशक एएसबीए के माध्यम से आवेदन कर रहा है, तो उसके आवेदन की राशि बैंक खाते से केवल तभी डेबिट की जाएगी जब आबंटन के आधार को अंतिम रूप देने के बाद उसके आवेदन को आवंटन के लिए चुना जाता है, या इश्यू को वापस ले लिया जाता है/विफल हो जाता है।

## कैपिटल गेन खाता

- पूंजीगत आस्तियों की बिक्री पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर छूट का लाभ उठाएं
- संपत्ति में पुनर्निवेश की प्रतीक्षा के दौरान बचत बैंक या सावधि जमा दरों पर ब्याज अर्जित करें
- अधिकतम शेष राशि के लिए कोई ऊपरी सीमा नहीं
- पूंजीगत लाभ जमा योजना ग्रामीण शाखाओं को छोड़कर सभी शाखाओं में उपलब्ध है।
- जमा राशि के लिए नामांकन सुविधा उपलब्ध है (3 लोगों को नामांकित किया जा सकता है)
- परिपक्वता से पहले टीडीआर/एसटीडीआर को बंद करने की अनुमति है।

## चालू खाता (व्यक्तिगत):

**उद्देश्य:** व्यक्तिगत खंड में व्यक्तियों को असीमित लेनदेन सुविधा
**कौन खोल सकता है खाता:** कोई भी व्यक्ति (एकल/संयुक्त रूप से)।
**न्यूनतम औसत शेष राशि:** रु.5000/- (एमएबी के गैर रखरखाव पर शुल्क रु.500/- + जीएसटी प्रति माह है)
**अधिकतम राशि:** कोई सीमा नहीं
**चेक बुक:** पहले 50 चेक पन्ने निःशुल्क हैं। इसके बाद रु. 3/- + जीएसटी प्रति चेक पन्ना
**एटीएम और इंटरनेट बैंकिंग सुविधा:** उपलब्ध
**नामांकन सुविधा:** उपलब्ध
सेवा शुल्कों के विषय में अधिक जानकारी और विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi देखें।

# वैयक्तिक ऋण उत्पाद



## आवास ऋण

- सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी ब्याज दर। दैनिक घटते हुए शेष राशि पर लगाया जाने वाला ब्याज।
- बैंक के वेब-आधारित पोर्टल (bank.sbi) के माध्यम से स्व-सहायता प्राप्त ऑनलाइन होम लोन सोर्सिंग प्रक्रिया का पालन और इन प्रिंसिपल ऑफर (IPO) जनरेट करें।
- 22000 से अधिक बैंक शाखाओं के विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से आवेदन करें
- गृह ऋण आवेदन के प्रसंस्करण के लिए 445 से अधिक समर्पित गृह ऋण केंद्र और 18600 से अधिक बिल्डर टाई-अप परियोजनाएं।
- होम लोन के विभिन्न प्रकार प्रत्येक भारतीय के लिए उपयुक्त हैं।
- उपलब्ध ओवरड्राफ्ट (मैक्सगेन) के रूप में होम लोन और मैक्सगैन हाइब्रिड उत्पाद के तहत टर्म लोन और ओवरड्राफ्ट (मैक्सगेन) के संयोजन में भी उपलब्ध है।
- प्लॉट की खरीद और उस पर निर्माण के लिए समग्र ऋण (कॉम्बो लोन)।
- मरम्मत और नवीनीकरण के लिए विशेष लोन.
- एसबीआई सूर्यघर योजना के तहत सोलर रूफ टॉप इंस्टॉलेशन के लिए लोन उपलब्ध है।
- कोई छिपा शुल्क नहीं।
- पूर्व भुगतान पर शून्य जुर्माना।



## वैयक्तिक ऋण

- रुपये 35 लाख तक पर्सनल लोन
- आकर्षक ब्याज दर
- न्यूनतम कागजी कार्यवाही
- खाते में तुरंत क्रेडिट
- केवल 4 क्लिक में योनो ऐप और इंटरनेट बैंकिंग पर 15 लाख रुपये तक का प्री-अप्रूव्ड लोन
- प्री-अप्रूव्ड पात्रता जानने हेतु: SMS <PAPL><space> <last four digits of SBI A/C number> to 567676
- कोई संपार्श्विक प्रतिभूति नहीं

## पेंशन ऋण

- ₹20 लाख तक का लोन
- आकर्षक ब्याज दरें
- 72 माह तक की चुकौती अवधि
- न्यूनतम दस्तावेज.
- शाखा के माध्यम से त्वरित संवितरण
- कोई संपार्श्विक प्रतिभूति नहीं
- योनो ऐप इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से केवल 4 क्लिक में ₹5 लाख तक का पूर्व-स्वीकृत पेंशन ऋण



## वाहन ऋण

- आकर्षक ब्याज दर पर कार लोन का लाभ उठाएं
- शून्य पूर्व भुगतान शुल्क
- 2 वर्ष के बाद कोई फोरक्लोजर शुल्क नहीं
- फ्लेक्सी चुकौती विकल्प
- ग्रीन कार लोन योजना में अतिरिक्त 0.25% ब्याज दर में रियायत
- एसबीआई योनो पर तत्काल सैद्धांतिक कार ऋण स्वीकृति



## शिक्षा ऋण

- भारत और विदेश में उच्च शिक्षा के लिए ऋण
- ₹3 करोड़ तक का लोन
- चुनिंदा संस्थानों के लिए 50 लाख रुपये तक की कोई प्रतिभूति नहीं
- सेक्शन 80(ई) के तहत आयकर लाभ
- आकर्षक ब्याज दरें
- पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद 15 वर्ष तक पुनर्भुगतान और स्थगन अवधि
- पारिवारिक आय-आधारित ब्याज सबवेंशन उपलब्ध



## स्वर्ण ऋण

- गोल्ड लोन सोने के सिक्कों (बैंकों द्वारा बेचे गए अधिकतम 50 ग्राम) सहित सोने के गहनों को गिरवी रखकर प्राप्त किया जा सकता है।
- न्यूनतम कागजी कार्यवाही
- आकर्षक ब्याज दर
- ऋण राशि न्यूनतम ₹20,000/- अधिकतम ₹50 लाख
- लचीली चुकौती
- बुलेट चुकौती: 3/6/12 महीने
- 36 माह तक की ईएमआई
- रियल्टी गोल्ड लोन के दो प्रकार हैं, जो होम लोन लेने वालों के लिए हैं, मार्जिन, पंजीकरण लागत और परियोजना मूल्य वृद्धि, यदि कोई हो, के उद्देश्य से, होम लोन की तरह आयकर लाभ के साथ।
- कोई पूर्व भुगतान जुर्माना नहीं

# वैयक्तिक ऋण उत्पाद

## जमा राशियों पर ऋण

- सावधि जमाराशि के मूल्य के 90% तक का ऋण
- मांग ऋण और ओवरड्राफ्ट सुविधा दोनों उपलब्ध
- आकर्षक ब्याज दर (जमा दर से 1% अधिक)
- चुकौती अवधि: जमाराशि की शेष परिपक्वता अवधि अधिकतम 120 महीने तक
- सभी शाखाओं में उपलब्ध
- योनो और इंटरनेट के माध्यम से भी उपलब्ध
- शाखाओं के माध्यम से प्राप्त अधिकतम ऋण राशि पर कोई सीमा नहीं*।

  *आईएनबी या योनो के माध्यम से ऋण (ओडी) के मामले में:
  न्यूनतम ऋण राशि - ₹ 5,000 और
  अधिकतम ऋण राशि - ₹ 5.00 करोड.
- प्रोसेसिंग शुल्क और अवधि-पूर्व समाप्ति के लिए शुल्क नहीं

## सोलर रूफ टॉप ऋण हेतु एसबीआई सूर्य घर योजना

- आवासीय संपत्ति पर सोलर रूफ टॉप पैनल के वित्तपोषण के लिए
- ₹ 6.00 लाख तक की ऋण राशि
- सोलर रूफ टॉप की स्थापना के लिए मार्जिन-10%
- 120 माह तक की चुकौती अवधि
- सभी शाखाएँ अधिकृत हैं
- सभी व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।
- प्रक्रिया में सह-उधारकर्ता शामिल हैं।
- सह-उधारकर्ता के साथ आयु 75 वर्ष तक बढाई गई
- अब, ब्याज दर को केडब्ल्यू क्षमता से अलग कर दिया गया है, इसलिए ₹2 लाख तक की ऋण राशि के लिए - कोई न्यूनतम सिबिल स्कोर नहीं है और ₹ 2 लाख से अधिक और ₹6 लाख तक के ऋण के लिए - सिबिल स्कोर 650 और/या अधिक।
- **ब्याज दर**
  - ✓ ₹2 लाख तक - 6.75% (ईबीएलआर-2.15%)
  - ✓ ₹2 लाख से अधिक और ₹6 लाख तक-8.90% (ईबीएलआर पर)
- सभी आवेदन केवल जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त किए जाने हैं

## एनएससी/केवीपी की प्रतिभूति पर ऋण

- अर्जित ब्याज और अंकित मूल्य सहित 60% तक ऋण उपलब्ध
- मांग ऋण और ओवरड्राफ्ट सुविधा दोनों उपलब्ध
- चुकौती अवधि: अधिकतम चुकौती एनएससी/केवीपी की परिपक्वता अवधि के साथ मेल खाना चाहिए। किसी भी समय, ऋण खाते में बकाया राशि गिरवी रखे गए प्रमाणपत्रों के परिपक्वता मूल्य से अधिक नहीं होनी चाहिए.
- दैनिक घटती शेष राशि पर कम ब्याज दर
- अधिकतम ऋण राशि की कोई सीमा नहीं
- कम प्रोसेसिंग शुल्क
- कोई अवधिपूर्व चुकौती जुर्माना नहीं

## बीमा पॉलिसियों पर ऋण

- पॉलिसी के सरेंडर मूल्य का 85% तक ऋण उपलब्ध है। अग्रिम राशि ऋण अवधि और संबंधित मार्जिन पर निर्भर करती है। मार्जिन पॉलिसी के वर्तमान सरेंडर मूल्य पर लागू होगा
- मांग ऋण और ओवरड्राफ्ट सुविधा दोनों उपलब्ध
- ऋण 3 वर्षों में चुकाया जाना चाहिए
- अधिकतम ऋण राशि की कोई सीमा नहीं
- दैनिक घटती शेष राशि पर कम ब्याज दर
- कम प्रोसेसिंग शुल्क
- भारतीय जीवन बीमा निगम, पोस्टल लाइफ, एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई पू लाइफ की पॉलिसियाँ इसके लिए पात्र हैं।

## म्यूचुअल फंड युनिटों पर ऋण

- इक्विटी/हाइब्रिड/ईटीएफ एमएफ के लिए 50% मार्जिन के साथ ₹25,000 से ₹ 10 लाख तक।
- डेट/एफएमपी के लिए 25% मार्जिन के साथ ₹25,000 से ₹5 करोड़ तक।
- ओवरड्राफ्ट सुविधा उपलब्ध है।
- आकर्षक ब्याज दर।
- कम प्रोसेसिंग शुल्क।
- आईएनबी/योनो के माध्यम से ऋण प्राप्त किया जा सकता है।
- सभी शाखाओं में ऋण भी उपलब्ध है।

## सॉवरेन गोल्ड बांड (एसजीबी) पर ऋण

- भारत सरकार की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी 'सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी)' के विरुद्ध ऋण प्रदान किया जाएगा।
- भौतिक फॉर्म: हमारे बैंक के माध्यम से जारी किया जाना चाहिए और डीमैट फॉर्म: एसएसएल (एसबीआई कैपिटल सिक्योरिटीज लिमिटेड) के साथ डीमैट खाता होना चाहिए।
- पीएमडी, आरएलबीयू द्वारा प्रकाशित 24 कैरेट शुद्धता (995 ग्राम) सोना के बाजार मूल्य का 35% मार्जिन
- ऋण राशि न्यूनतम: ₹20,000/- से अधिकतम: ₹20 लाख
- डिमांड लोन और ओवरड्राफ्ट दोनों की सुविधा उपलब्ध है।
- चुकौती अवधि: ओवरड्राफ्ट: 36 माह, डिमांड लोन: 12 माह (बुलेट-चुकौती)।
- कम प्रोसेसिंग शुल्क।
- कोई प्री-पेमेंट पेनाल्टी नहीं।

# वैयक्तिक : स्वर्ण संबंधी जमा एवं ऋण उत्पाद

## स्वर्ण संबंधी उत्पाद

### जमा उत्पाद

#### संशोधित स्वर्ण जमा योजना (आरजीडीएस)

- सोना एसबीआई की नामित शाखाओं में अल्पावधि बैंक जमा और मध्यम एवं दीर्घावधि सरकारी जमा योजना के तहत स्वीकार किया जाता है।
- अवधि: अल्पावधि बैंक जमा: 1-3 वर्ष, मध्यम अवधि सरकारी जमा: 5-7 वर्ष, दीर्घावधि सरकारी जमा: 12-15 वर्ष।
- न्यूनतम जमा 10 ग्राम और अधिकतम जमा की कोई सीमा नहीं।
- चुकौती आईएनआर या सोने में किया जा सकता है। लॉक-इन अवधि के बाद समय से पहले मोचन की भी अनुमति है।

### ऋण उत्पाद

#### मेटल गोल्ड लोन (एमजीएल)

- एमजीएल नामित शाखाओं पर उपलब्ध है जो आभूषण निर्माताओं की कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को पूरा करती है।
- ऋण अवधि: घरेलू आभूषण निर्माताओं के मामले में एमजीएल 180 दिनों के लिए और निर्यात के मामले में 270 दिनों के लिए प्राप्त किया जा सकता है।
- सुरक्षा: नकद/एसटीडीआर, अन्य बैंकों की बीजी, बैंक द्वारा स्वीकृत सीसी सीमा के रूप में 110% की संपार्श्विक प्रतिभूति
- ऋण मात्रा: न्यूनतम 1 किलोग्राम बिना किसी अधिकतम सीमा के
- ऋण चुकौती समतुल्य भारतीय रुपये में चुकौती (कुछ शर्तों के तहत सोने में चुकौती (कुछ शर्तों के तहत सोने में चुकौती)

### विविध उत्पाद

#### सोने की बिक्री (थोक)

- ग्राहकों को मानक बार के रूप में सोना सीधे बेचा जाता है।
- आभूषण निर्माता और बुलियन डीलर अग्रिम भुगतान के आधार पर सोना खरीद सकते हैं।
- घरेलू और निर्यात दोनों उद्देश्यों के लिए नामित शाखाओं में सीधे सोने की बिक्री की जाती है।
- न्यूनतम 1 किलोग्राम और इसके गुणक, कोई अधिकतम सीमा नहीं
- बिक्री पुष्टि किए गए ऑर्डर के आधार पर की जाती है।

# एनआरआई जमा उत्पाद




## अनिवासी भारतीयों के लिए एफसीएनआर (बी) जमाराशियां

- एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई विदेश से भेजी गई विदेशी मुद्रा सावधि जमा में निवेश करने के पात्र हैं
- 6 प्रमुख मुद्राओं (यूएसडी/जीबीपी/ईयूआर/एयूडी/सीएडी/जेपीवाई) में उपलब्ध
- अवधि-1 वर्ष से 5 वर्ष
- पूरी तरह से प्रत्यावर्तनीय
- आकर्षक ब्याज दरें
- कोई समयपूर्व जुर्माना नहीं
- ब्याज आय भारतीय आयकर से मुक्त है
- दो या अधिक एनआरआई या निवासी रिश्तेदारों (पूर्व या उत्तरजीवी) के साथ संयुक्त खाता खोलने की अनुमति।
- नामांकन उपलब्ध है
- स्वतः नवीनीकरण

# एनआरआई जमा उत्पाद

## एफसीएनआर(बी) धनलक्ष्मी जमा

- विशेष ब्याज़ दर (कार्ड दर से 15 बीपीएस* ऊपर)
- पात्र जमा: -यूएसडी 100,000 से < यूएसडी 375,000.
- अवधि-1 वर्ष से < 2 वर्ष.

*शर्तें लागू।

## एफसीएनआर (बी) प्रीमियम जमा खाता

- एक अनूठा जमा उत्पाद है जो एफसीएनबी जमा के परिपक्वता मूल्य पर फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से उच्च आकर्षक प्रतिफल प्रदान करता है।
- 6 प्रमुख मुद्राओं (USD/GBP/EUR/AUD/CAD/JPY) में उपलब्ध है और परिपक्वता पर INR सहित 7 मुद्राओं में प्रतिफल प्राप्त की जा सकती है।
- एफसीएनआर (बी) प्रीमियम जमा खाता फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट की बुकिंग करके मुद्रा में उतार-चढ़ाव से बचाता है।
- कोई फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट शुल्क नहीं।



# एनआरआई जमा उत्पाद










## एनआरई बचत खाते

- एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई खाता खोलने के लिए पात्र हैं।
- भारत में भेजी गई विदेशी आय को जमा करने के लिए।
- ब्याज आय को भारतीय आयकर से छूट दी गई है।
- संयुक्त खाता स्वीकार्य है।
- स्वतंत्र रूप से प्रत्यावर्तनीय।
- निःशुल्क आईएनबी/एटीएम/चेक बुक/पासबुक।
- नामांकन सुविधा उपलब्ध है।
- सावधि जमा के लिए ऑटो-स्वीप सुविधा उपलब्ध है।
- आपकी सहूलियत के लिए पेपरलेस डिजिटल खाता खोलने की सुविधा भी उपलब्ध है।
- आवेदन के वास्तविक समय अपडेट।

# एनआरआई जमा उत्पाद




## एनआरई मीयादी जमा (टीडीआर/एसटीडीआर)

- एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई खाता खोलने के लिए पात्र हैं
- जमा राशि न्यूनतम रु.1,000/- अधिकतम- कोई सीमा नहीं
- जमा की अवधि 1 वर्ष से 10 वर्ष तक
- सावधि जमा पर मासिक/तिमाही/ अर्धवार्षिक/वार्षिक अंतराल पर ब्याज का भुगतान किया जाता है।
- स्वतः नवीनीकरण विकल्प उपलब्ध है
- स्वतंत्र रूप से और पूरी तरह से प्रत्यावर्तनीय
- ऋण सुविधा उपलब्ध है
- ब्याज आय भारतीय आयकर से मुक्त है
- दो या अधिक एनआरआई या निवासी रिश्तेदारों (पूर्व या उत्तरजीवी) के साथ संयुक्त खाता खोलने की अनुमति।
- समय से पहले दंड भुगतान प्रक्रिया के बिना विस्तारित अवधि के लिए एनआरई सावधि जमा का पुनर्निवेश।
- नामांकन उपलब्ध है




- एनआरई नॉन-कॉलेबल टर्म डिपॉजिट उच्च ब्याज दर दे रहा है और एनआरआई ग्राहकों के लिए सबसे उपयुक्त रुपया टर्म डिपॉजिट उत्पाद है, जो हमेशा लंबी अवधि के जमा को प्राथमिकता देते हैं।
- अवधि - 1 वर्ष और 2 वर्ष
- न्यूनतम राशि: ₹100.01 लाख, अधिकतम-कोई सीमा नहीं।
- जमा पर ऋण उपलब्ध है।
- अपवाद स्वरूप मामलों को छोड़कर समयपूर्व अनुमति नहीं है।

# एनआरआई जमा उत्पाद




## एनआरओ बचत खाते

- एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई खाता खोलने के पात्र हैं।
- निवासी का दर्जा बदलकर 'एनआरआई' करने पर निवासी एसबी खाता एनआरओ-एसबी खाते में परिवर्तित हो जाता है।
- भारत में भेजी गई विदेशी आय और भारत में अर्जित स्थानीय आय/बचत को सुरक्षित रखना
- प्रति वित्तीय वर्ष एक मिलियन अमेरिकी डॉलर तक की धनराशि को प्रत्यावर्तित करने की अनुमति है, बशर्ते लागू करों का भुगतान किया जाए।
- संयुक्त खाता की अनुमति है।
- स्वतंत्र रूप से प्रत्यावर्तनीय
- मुफ्त आईएनबी/एटीएम-डोम/चेक बुक/पासबुक
- नामांकन सुविधा उपलब्ध
- मीयादी जमा के लिए ऑटो-स्वीप सुविधा उपलब्ध है।
- आपकी सुविधा के लिए पेपरलेस डिजिटल खाता खोलना भी उपलब्ध है।
- एप्लिकेशन का रियल टाइम अपडेशन

## एनआरओ मीयादी जमा (टीडीआर/एसटीडीआर)

- एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई खाता खोलने के पात्र हैं
- जमा राशि न्यूनतम रु. 1,000/- अधिकतम - कोई सीमा नहीं
- जमा की अवधि 7 दिन से 10 वर्ष तक
- सावधि जमा पर मासिक/त्रैमासिक/अर्धवार्षिक/वार्षिक अंतराल पर ब्याज का भुगतान किया जाता है।
- स्व नवीनीकरण विकल्प उपलब्ध है
- स्वतंत्र रूप से और पूरी तरह से प्रत्यावर्तनीय
- ऋण सुविधा उपलब्ध
- टीडीएस लागू है
- दो या अधिक एनआरआई या निवासी रिश्तेदारों (पूर्व या उत्तरजीवी) के साथ संयुक्त खाता खोलने की अनुमति।
- समयपूर्व दंड भुगतान प्रक्रिया के बिना विस्तारित अवधि के लिए एनआरओ सावधि जमा का पुनर्निवेश।
- नामांकन उपलब्ध है



# डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और ग्राहक सुविधा

## एसबीआई में एनआरआई ग्राहकों के लिए एर्नाकुलम (केरल) और पटियाला (पंजाब) में दो समर्पित 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' प्रोसेसिंग सेल हैं।

- बैंक के महत्वपूर्ण एनआरआई ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करना।
- अब बैंक के पास एनआरआई ग्राहकों के सभी गैर-वित्तीय अनुरोधों/सेवाओं को संसाधित करने के लिए 2 केंद्रीकृत बैक-ऑफिस हैं।
- इंटरनेट बैंकिंग को सक्रिय करना और चेक बुक और एटीएम कार्ड का प्रेषण।
- अनिवासी भारतीयों के लिए समर्पित हेल्प डेस्क/ग्राहक सहायता टीम।
- एनआरआई ग्राहकों की सभी तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान।
- एनआरआई ग्राहकों के लिए कॉल बैक सेवा।

| राज्य और केंद्र शासित प्रदेश | एसबीआई ग्लोबल एनआरआई सेंटर |
|---|---|
| बिहार, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार (यूटी), चंडीगढ (यूटी), दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव (यूटी), दिल्ली [राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी)], जम्मू और कश्मीर (यूटी), लद्दाख (यूटी) | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्लोबल एनआरआई सेंटर<br>पहली मंजिल, प्रगति भवन,<br>अर्बन एस्टेट फेज - III,<br>पटियाला, पंजाब - 147002 |
| आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, तेलंगाना, लक्षद्वीप (केंद्र शासित प्रदेश), पुदुचेरी (केंद्र शासित प्रदेश) | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्लोबल एनआरआई सेंटर, 56/170, दूसरी मंजिल, पनमपिल्ली नगर, एर्नाकुलम, केरल - 682036 |




## अधिक सुरक्षा के लिए ईमेल के साथ ओटीपी भेजने की पुन: शुरुआत

अब ग्राहकों के आईएनबी लेनदेन के लिए एसएमएस के माध्यम से ओटीपी के अलावा उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर ओटीपी भेजा जा रहा है। ग्राहकों को नेटवर्क की समस्या, यात्रा पर होने आदि के कारण उनको मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस अतिरिक्त सुविधा के बाद, ऑनलाइन लेनदेन आसान और परेशानी मुक्त हो जाएगा।

# एनआरआई सर्विसेस










## एफएक्स-आउट

- सभी शाखाओं से आउटवर्ड धन-प्रेषण सुविधा।
- सभी शाखाओं से 97 मुद्राओं में उपलब्ध है।
- शाखाओं के माध्यम से, घरेलू ग्राहकों के लिए प्रति लेनदेन/प्रति दिन सीमा 2,50,000 अमेरिकी डॉलर या सममूल्य है, जो 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की समग्र एलआरएस सीमा के भीतर है।
- 8 लोकप्रिय मुद्राओं में भारतीय रुपए (INB) के माध्यम से उपलब्ध है।
- आईएनबी के माध्यम से, प्रति लेनदेन/प्रति दिन 40000 अमरीकी डालर की सीमा।
- अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी दरें।




## छात्र गारंटीकृत निवेश प्रमाण पत्र

- कनाडा में पढाई करें
- सीएडी गारंटीड इन्वेस्टमेंट सर्टिफिकेट (जीआईसी)
- तत्काल प्रोसेसिंग और सर्वोत्तम ब्याज दरें
- सर्वश्रेष्ठ सीएडी से भारतीय रुपया विनिमय दर
- कनाडा और भारत दोनों में उपयोग के लिए एक डेबिट कार्ड



# लोक भविष्य निधि योजना

PUBLIC PROVIDENT FUND

| | |
|---|---|
| उद्देश्य | केंद्र सरकार द्वारा लघु बचत को बढ़ावा देने और आयकर में लाभ प्राप्त करने के लिए शुरू की गई योजना |
| पात्रता | केवल निवासी भारतीय नागरिक खाता खोल सकते हैं। कोई व्यक्ति किसी अवयस्क अथवा किसी मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति, के अभिभावक के रूप में उसकी ओर से खाता खोल सकता है। |
| केवाईसी दस्तावेज | अन्य आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेजों के साथ आधार संख्या तथा पैन प्रस्तुत किया जाना है। |
| जमा | **न्यूनतम :** 50/- के गुणकों में 500/- रुपए प्रति वर्ष<br>**अधिकतम :** 1,50,000/- प्रति वर्ष<br>वित्तीय वर्ष के दौरान खाते में एकमुश्त अथवा किस्तों में सब्सक्रिप्शन जमा किया जाएगा। |
| जमा की अवधि | मूल अवधि उस वित्तीय वर्ष के अंत से 15 वर्ष की है, जिसमें खाता खोला गया था।<br>तत्पश्चात इसे परिपक्वता की तारीख से 1 वर्ष के भीतर 5 वर्षों के एक अथवा अधिक ब्लॉक के लिए बढाया जा सकता है।<br>खाता किसी भी समय बंद किया जा सकता है परंतु ब्याज के साथ सब्सक्रिप्शन का भुगतान केवल 15 वर्ष बाद ही किया जाएगा। |
| ब्याज की दर | इस योजना के तहत की गई जमा पर 7.10% प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाएगा और भारत सरकार द्वारा प्रति तिमाही में इसका संशोधन किया जाता है। |
| ऋण | खाता खोलने के तीसरे वित्त वर्ष से खाता खोलने के 6वें वित्त वर्ष तक ऋण लिया जा सकता है। ऋण राशि द्वितीय वित्त वर्ष के अंत में उपलब्ध शेष राशि के 25% से अधिक नहीं हो सकती, जिस वर्ष ऋण आवेदन किया जाता है। कोई भी खाताधारक एक वर्ष में केवल एक ऋण का पात्र होगा। पहले ऋण के पूरे भुगतान के पश्चात ही दूसरा ऋण लिया जा सकता है। |
| खाते से आहरण | जिस वित्तीय वर्ष में खाता खोला जाता है, उसके अंत से पांच वर्ष की समाप्ति के पश्चात किसी भी समय, खाताधारक शेष राशि से आहरण का लाभ उठा सकता है, जो आहरण के वर्ष से ठीक पहले के वर्ष के अंत में या चौथी पूर्ववर्ती वर्ष के अंत में, जो भी कम हो परंतु उसके जमा में शेष राशि का पचास प्रतिशत से अधिक नहीं।<br>यदि खाता परिपक्वता के बाद जारी रखा जाता है, तो परिपक्वता राशि का 60% पाँच वर्ष की ब्लॉक अवधि के भीतर निकाला जा सकता है। |
| खाता संचालन | व्यक्ति जो निवासी भारतीय नागरिक है, अपने नाम से एकल खाता खोल सकता है।<br>अभिभावक भी प्रत्येक अवयस्क अथवा मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की ओर से मात्र एक खाता खोल सकते हैं और अभिभावक द्वारा उसका संचालन किया जाएगा। |
| परिपक्वता/ खाते की अवधिपूर्व समाप्ति | खाता खोलने के वर्ष के अंत से 15 वर्ष की समाप्ति पर खाता परिपक्व होगा।<br>किसी खाता धारक को अपना खाता अथवा अवयस्क अथवा किसी मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति का खाता निम्नलिखित स्थितियों में अवधि से पूर्व बंद करने की अनुमति दी जाएगी:<br>क) खाताधारक, उनके पति/उनकी पत्नी अथवा आश्रित बच्चों अथवा माता-पिता के संबंध में घातक बीमारी के इलाज हेतु, चिकित्सा प्राधिकारी की पुष्टि, चिकित्सा जाँच रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने पर।<br>ख) खाताधारक अथवा उनके आश्रित बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु, भारत या विदेश में उच्च शिक्षा हेतु मान्यताप्राप्त संस्था में भर्ती की पुष्टि में दस्तावेज और शुल्कों के बिल प्रस्तुत करने पर।<br>ग) खाताधारक के निवासी भारतीय स्थिति में परिवर्तन होने पर पासपोर्ट एवं वीजा अथवा आयकर विवरणी प्रस्तुत करने पर।<br>बशर्ते कि इस योजना के तहत खाता उस वर्ष के अंत से 5 वर्ष की समाप्ति से पहले बंद नहीं किया जाएगा, जिसमें खाता खोला गया था। |

विस्तृत दिशानिर्देशों के लिए कृपया nsiindia.gov.in वेबसाइट पर जाएँ।

# सुकन्या समृद्धि योजना

| | |
|---|---|
| उद्देश्य | यह स्कीम बालिकाओं की वित्तीय सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा समर्थित लघु जमाराशि बचत योजना है। |
| पात्रता | केवल निवासी भारतीय नागरिकों द्वारा यह खाता खोला जा सकता है। यह खाता 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के नाम से उनके अभिभावक द्वारा खुलवाया जा सकता है। |
| केवाईसी दस्तावेज | बालिका का जन्म प्रमाणपत्र, अभिभावक के अन्य आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेजों के साथ आधार संख्या तथा पैन प्रस्तुत किया जाए। |
| जमा | न्यूनतम :₹50/- के गुणकों में ₹250/- रुपए प्रति वर्ष<br>अधिकतम : ₹1,50,000.00 प्रति वर्ष |
| अवधि | खाता खोलने की तिथि से न्यूनतम 15 वर्ष तक जमा अवधि |
| ब्याज की दर | इस स्कीम के अंतर्गत की गई जमाराशियों पर 8.2% प्रति वर्ष की दर पर ब्याज देय है तथा भारत सरकार हर तिमाही पर इसमें संशोधन करता है। |
| खाते से आहरण | खाताधारक की शिक्षा के उद्देश्यार्थ 10वीं उत्तीर्ण होने या 18 वर्ष पूरा होने पर खाते में शेष राशि के अधिकतम 50% तक आहरण किया जा सकता है। |
| खाते का संचालन | खाताधारक के अठारह वर्ष की आयु होने तक यह खाता अभिभावक द्वारा संचालित किया जाएगा। खाताधारक के अठारह वर्ष की आयु होने के पश्चात उसके द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर खाता स्वयं द्वारा संचालित किया जाएगा। |
| परिपक्वता / खाता अवधि से पूर्व बंद करना | खाता खोलने की तारीख से 21 वर्ष पूरे होने पर खाता परिपक्व होगा। 21 वर्ष पूरा होने से पहले खाते को बंद करने की अनुमति भी दी जा सकती है, बशर्ते की<br>1) खाताधारक अपने होनेवाले विवाह के कारण नोटरी द्वारा समर्थित गैर-विधिक स्टाम्प पेपर पर विधिवत हस्ताक्षरित घोषणा प्रस्तुत करें कि विवाह की तिथि को आवेदक 18 वर्ष की आयु से कम नहीं होंगे, खाता बंद करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाए।<br>2) खाताधारक की मृत्यु की स्थिति में<br>3) अत्यधिक गंभीर कारणों के आधार पर |

विस्तृत दिशानिर्देशों के लिए कृपया nsiindia.gov.in वेबसाइट पर जाएँ।



वापस जाएँ

## वरिष्ठ नागरिक बचत योजना

| | |
|---|---|
| उद्देश्य | यह योजना मुख्य रूप से वृद्ध व्यक्तियों के साथ-साथ सेवानिवृत्त रक्षा कार्मिकों के लिए शुरू की गई है। |
| पात्रता | एक व्यक्ति जिसने खाता खोलने की तारीख को 60 वर्ष और उससे अधिक की आयु प्राप्त कर ली है।<br>• जो व्यक्ति इस योजना के अंतर्गत खाता खोलने की तारीख तक 55 वर्ष या उससे अधिक किन्तु 60 वर्ष से कम आयु का हो तथा जो सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों से सेवानिवृत्त हो गया हो, इस शर्त के अधीन कि ऐसे व्यक्ति द्वारा खाता सेवानिवृत्ति लाभों की प्राप्ति की तिथि से तीन महीने के भीतर खोला गया हो तथा ऐसे सेवानिवृत्ति लाभों के वितरण की तिथि का प्रमाण प्रस्तुत किया गया हो।<br>• रक्षा सेवाओं के सेवानिवृत्त कार्मिक (नागरिक रक्षा कर्मचारियों को छोड़कर) अन्य निर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति के अधीन पचास वर्ष की आयु प्राप्त करने पर योजना के अंतर्गत सदस्यता लेने के पात्र होंगे। |
| केवाईसी दस्तावेज | ग्राहक के लिए आधार नंबर और पैन अनिवार्य है। |
| जमाराशि | • कोई भी व्यक्ति नीचे निर्दिष्ट जमा की अधिकतम सीमा के अधीन किसी भी संख्या में खाते खोल सकता है।<br>• किसी खाते में न्यूनतम एक हजार रुपये और एक हजार रुपये के गुणकों में कोई भी राशि जमा की जा सकती है।<br>• खाताधारक द्वारा रखे गए खाते या खातों में अधिकतम तीस लाख रुपये जमा किए जा सकेंगे। |
| जमाराशि की अवधि | • शुरुआत में 5 वर्ष के लिए और खाते को 3 वर्ष के लिए किसी भी समय बढ़ाया जा सकता है। विस्तार परिपक्वता से 1 वर्ष के भीतर किया जाना चाहिए। |
| ब्याज दर | • इस योजना के अंतर्गत जमा की गई राशि पर 31.03.2025 तक 8.2 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलेगा तथा इसे भारत सरकार द्वारा प्रत्येक तिमाही में संशोधित किया जाएगा। |
| टीडीएस | • टीडीएस सरकारी अधिसूचनाओं के अनुसार लागू है। |
| खाते का परिचालन | • एससीएसएस खाता अकेले या पति या पत्नी के साथ संयुक्त रूप से खोला जा सकता है। |
| खाते की निकासी/समय से पहले बंद करना | • खाताधारक किसी भी समय आवेदन पर जुर्माना देकर जमा राशि निकाल सकता है और खाता बंद कर सकता है।<br>• (i) यदि खाता खोलने की तिथि से एक वर्ष से पहले खाता बंद कर दिया जाता है, तो खाते में जमा राशि पर दिया गया ब्याज जमा राशि से वसूल किया जाएगा तथा शेष राशि खाताधारक को दे दी जाएगी।<br>(ii) यदि खाता खोलने की तिथि से एक वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद लेकिन दो वर्ष की अवधि समाप्त होने से पहले बंद कर दिया जाता है, तो जमा राशि के डेढ़ प्रतिशत के बराबर राशि काट ली जाएगी, और शेष राशि खाताधारक को दे दी जाएगी।<br>(iii) यदि खाता खोलने की तिथि से दो वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद खाता बंद किया जाता है तो जमा राशि के एक प्रतिशत के बराबर राशि काट ली जाएगी तथा शेष राशि खाताधारक को दे दी जाएगी।<br>(iv) यदि खाते को पिछली परिपक्वता तिथि से एक वर्ष की समाप्ति से पहले विस्तारित और बंद कर दिया जाता है, तो जमा राशि के एक प्रतिशत के बराबर राशि काट ली जाएगी और शेष राशि खाताधारक को भुगतान की जाएगी। |
| डाकघर बचत खाता एससीएसएस खाता बंद करने पर ब्याज की दर | डाकघर बचत खाते पर लागू दर पर ब्याज उस खाते में जमा राशि पर देय होगा जिसे परिपक्वता या विस्तारित परिपक्वता पर बढ़ाया या बंद नहीं किया गया है। |

विस्तृत दिशानिर्देशों के लिए कृपया nsiindia.gov.in वेबसाइट पर जाएँ।

# सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ

## अटल पेंशन योजना

- पात्र आयु : 18 से 40 वर्ष
- 60 वर्ष की आयु के बाद निश्चित मासिक आय
- निवेश राशि के आधार पर 1,000 रुपए से 5,000 रुपए की मासिक पेंशन

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना

- पात्र आयु : 18 से 70 वर्ष
- 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा
- आकस्मिक मृत्यु और विकलांगता (पूर्ण/आंशिक) कवर
- प्रीमियम 20 रुपए प्रति वर्ष

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

- पात्र आयु : 18 से 50 वर्ष
- 2 लाख रुपए का व्यापक जीवन कवर
- किसी भी कारण से हुई मृत्यु को कवर करता है
- 436 प्रति वर्ष का कम प्रीमियम

## प्रधानमंत्री जन धन योजना

- बेसिक बचत बैंक खाता
- न्यूनतम शेष आवश्यक नहीं
- नि:शुल्क रुपे डेबिट कार्ड रुपये 2 लाख के निशुल्क बीमा कवर के साथ

# निवेश एवं बीमा

## जीवन बीमा

- चाइल्ड प्लान
- प्रोटेक्शन प्लान
- सेविंग्स प्लान
- पेंशन प्लान
- क्रेडिट लाइफ प्लान
- यूनिट लिंक्ड प्लान

## साधारण बीमा

- व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा
- स्वास्थ्य बीमा
- यात्रा बीमा
- ऋण बीमा
- मोटर इंश्योरेंस
- संपत्ति बीमा

## म्यूचुअल फंड

- इक्विटी फंड
- हाइब्रिड/बैलेंस्ड एडवांटेज फंड
- डेब्ट/ड्यूरेशन फंड
- सेवानिवृत्ति/बाल-लाभ/ईएलएसएस योजना
- फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान (एफएमपी)(क्लोज एंडेड)
- लिक्विड/अल्ट्रा शॉर्ट/मनी मार्केट फंड

## राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

- रु. 50,000 का अतिरिक्त टैक्स लाभ रु.1.50 लाख की सीमा से अधिक टियर I खाते के तहत (पुरानी कर व्यवस्था)
- निवेश का लचीलापन
- कम लागत संरचना
- पोर्टेबल और 24x7 पहुंच
- एनपीएस वात्सल्य: 18 वर्ष तक की आयु के नाबालिग नागरिकों के लिए एनपीएस योजना

## डीमैट सेवाएं

- डीमैट खाते
- ट्रेडिंग खाते
- एएसबीए के माध्यम से आईपीओ में निवेश
- डेरिवेटिव्स, एनसीडी और बॉन्ड के लिए निवेश विकल्प

## क्रेडिट कार्ड

- मासिक आय के अनुसार सीएसपी खाताधारकों के लिए कार्ड के प्रकार
- होम लोन और वेल्थ कस्टमर के लिए कार्ड के प्रकार
- रक्षा कार्मिक के लिए समर्पित कार्ड (शौर्य)
- एफडी धारकों के लिए एसबीआई उन्नति
- सह-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड

- Mutual Funds
- PMS/ AIF
- RBI Floating Rate Bonds
- Corporate & PSU Bonds
- Sov. Gold Bonds
- 54 EC Bonds
- G-Sec & SDLs
- Corporate FDs
- Life & Gen Insurance

- एसबीआई वेल्थ एसबीआई द्वारा विशेष रूप से एचएनआई ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली वेल्थ प्रबंधन सेवा है।
- पात्रता: 50 लाख रुपये का कुल संबंध मूल्य (टीआरवी)/2.00 लाख रुपये और उससे अधिक का शुद्ध वेतन क्रेडिट / 2.00 करोड़ रुपये और उससे अधिक का नव स्रोत गृह ऋण/30 लाख रुपये और उससे अधिक का नव स्रोत ऑटो ऋण/30 लाख रुपये और उससे अधिक का शिक्षा ऋण
- विशेषज्ञों की टीम द्वारा समर्थित एक समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर (आरएम)
- डोरस्टेप बैंकिंग उपलब्ध, चुनिंदा शाखाओं में समर्पित वेल्थ हब
- विशेष उत्पाद और सेवाएं जैसे वेल्थ बचत खाता, निवेश और लाइफस्टाइल विशेषाधिकार
- हमारे आईएनबी/योनो प्लेटफार्मों के माध्यम से डिजिटल अनुभव निर्बाध और परेशानी मुक्त निवेश और लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए
- कई एएमसी को कवर करने वाले निवेश उत्पादों के लिए निष्पक्ष ओपन आर्किटेक्चर
- लॉकर किराये पर रियायत और विभिन्न सेवाओं पर शुल्क में छूट

SBI Wealth

Deposits (CASA/FDs)

Home Loans

Auto Loan
Edu Loan
Personal Loan

Digital Loans thru YONO

Mutual Funds

Life & Gen Insurance

- एसबीआई प्रीमियर बैंकिंग कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज (सीएसपी) प्लेटिनम/टीआरवी ग्राहकों को कवर करती है, जिन्हें सेवा के लिए पसंदीदा व्यवहार की अपेक्षा होती है।
- पात्रता: कुल संबंध मूल्य (टीआरवी) ₹30 लाख से < ₹50 लाख/प्लेटिनम वेतन पैकेज खाते (₹1 लाख का शुद्ध वेतन क्रेडिट)/₹1 करोड़ से < ₹ 2 करोड़ का गृह ऋण/₹ 20 लाख से < ₹30 लाख का ऑटो ऋण, 20 लाख से < ₹30 लाख का शिक्षा ऋण
- एक समर्पित वर्चुअल रिलेशनशिप एसोसिएट (वीआरए)।
- हमारे आईएनबी/योनो प्लेटफार्मों के माध्यम से डिजिटल अनुभव, निर्बाध और परेशानी मुक्त निवेश और लेनदेन सुनिश्चित करता है।
- निवेश आवश्यकताओं के लिए संयुक्त उद्यम के उत्पाद उपलब्ध हैं।
- लॉकर के किराए पर छूट और विभिन्न सेवाओं पर शुल्क की छूट।

## चालू खाता

| विशेषताएँ | | सामान्य | सिल्वर | गोल्ड | डायमंड | प्लेटिनम | रोडियम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न्यूनतम औसत बैलेंस | एमएबी | रुपए 5,000/- | रुपए 50,000/- | रुपए 1 लाख | रुपए 5 लाख | रुपए 10 लाख | रुपए 50 लाख |
| फ्री कैश डिपॉजिट लिमिट* | कुल (मासिक) | पिछले माह एमएबी का 100 गुना एमएबी। अधिकतम 5 लाख रुपये प्रति माह | रु. 15 लाख | पिछले माह एमएबी का 15 गुना एमएबी। अधिकतम 100 लाख रुपये प्रति माह | पिछले माह एमएबी का 15 गुना एमएबी। अधिकतम 250 लाख रुपये प्रति माह | पिछले माह एमएबी का 15 गुना एमएबी। अधिकतम 500 लाख रुपये प्रति माह | रुपए 600 लाख |
| | नॉन-होम शाखा (दैनिक) | रु. 5 लाख | रु. 5 लाख | रु. 5 लाख | रु. 5 लाख | रु. 5 लाख | रु. 10 लाख |
| नि:शुल्क निकासी सीमा | होम शाखा (मासिक) | कोई सीमा नहीं | कोई सीमा नहीं | कोई सीमा नहीं | कोई सीमा नहीं | कोई सीमा नहीं | कोई सीमा नहीं |
| | नॉन-होम शाखा (दैनिक) | रु.1 लाख | रु.1 लाख | रु.1 लाख | रु.1 लाख | रु.1 लाख | रु. 5 लाख |
| चेक बुक | नि:शुल्क चेक पन्ने | 50 प्रति माह | 150 प्रति माह | 300 प्रति माह | 700 प्रति माह | 1500 प्रति माह | 5000 प्रति माह |
| व्यवसायी | पीओएस इंस्टालेशन | कार्ड दरों के अनुसार | निशुल्क | निशुल्क | निशुल्क | निशुल्क | निशुल्क |
| व्यवसाय अधिग्रहण | मासिक सेवा शुल्क | कार्ड दरों के अनुसार | कार्ड दरों के अनुसार | निशुल्क | निशुल्क | निशुल्क | निशुल्क |
| (पीओएस) | पीओएस मासिक किराया शुल्क | कार्ड दरों के अनुसार | मासिक किराया शुल्क में 50% की रियायत नि: शुल्क (यदि रु. 50,000 + लेनदेन प्रति माह प्रति पीओएस) | नि: शुल्क (यदि 2L + लेनदेन प्रति माह प्रति पीओएस) | नि: शुल्क (यदि 2L + लेनदेन प्रति माह प्रति पीओएस) | नि: शुल्क (यदि 2L + लेनदेन प्रति माह प्रति पीओएस) | नि: शुल्क (यदि 2L + लेनदेन प्रति माह प्रति पीओएस) |
| | रियायती पीओएस/क्यूआर साउंड बॉक्स की संख्या | —— | 1 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| | एमडीआर | कार्ड रेट | कार्ड रेट | 1.60% | 1.40% | 1.20% | 1.00% |
| सीएमपी की पेशकश | ई-संग्रह | कार्ड दरों के अनुसार | कार्ड दरों के अनुसार | कार्ड दरों के अनुसार | कार्ड रेट पर 25% की छूट | कार्ड रेट पर 75% की छूट | कार्ड रेट पर 100% की छूट |
| | थोक भुगतान | | | | | | |
| | लिक्विडिटी मैनेजमेंट | | | | कार्ड दरों के अनुसार | कार्ड दरों के अनुसार | |
| एनईएफटी/आरटीजीएस | शाखा के माध्यम से | कार्ड दरों के अनुसार | कार्ड दरों के अनुसार | असीमित निशुल्क | असीमित निशुल्क | असीमित निशुल्क | असीमित निशुल्क |
| डिमांड ड्राफ्ट | केवल होम ब्रांच | कार्ड दरों के अनुसार | प्रति माह 20 ड्राफ्ट निशुल्क | प्रति माह 50 ड्राफ्ट निशुल्क | असीमित निशुल्क | असीमित निशुल्क | असीमित निशुल्क |
| एमएबी के गैर रखरखाव पर प्रभार | | रु. 500 + जीएसटी प्रति माह | रु. 1000 + जीएसटी प्रति माह | रु. 2000 + जीएसटी प्रति माह | रु. 4000+ जीएसटी प्रति माह: यदि न्यूनतम राशि < 2,50,000 रु.2000+जीएसटी प्रति माह: यदि न्यूनतम राशि रु. 2,50,000 | रु. 8000+ जीएसटी प्रति माह: यदि न्यूनतम राशि < 5,00,000 रु.4000+जीएसटी प्रति माह: यदि न्यूनतम राशि रु. 5,00,000 | यदि एमएबी < 50% है तो रु.25000/- प्रति माह + जीएसटी एमएबी 50% > तो रु.15000/- प्रति माह + जीएसटी |

*सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम, जीसीसी, होम और गैर-होम शाखाओं में जमा नकदी सहित.
वर्तमान सुविधाओं में बदलाव किया जा सकता है। नियम व शर्तें लागू।

## चालू खाता

| | |
|---|---|
| **शुभारंभ प्रीमियम चालू खाता** | व्यवसाय जिनके पास डीपीआईआईटी या राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जारी वैध स्टार्टअप पंजीकरण प्रमाणपत्र उपलब्ध है:<br>क. प्राइवेट लिमिटेड कंपनी<br>ख. सीमित देयता भागीदारी<br>ग. पंजीकृत साझेदारी फर्म<br>घ. एकल व्यक्ति कंपनी<br>✓ रु.5 लाख प्रति माह मुफ्त, जिसमें होम शाखा, नॉन-होम शाखा, जीसीसी और सीडीएम/रिसाइक्लर में जमा नकद राशि शामिल है।<br>✓ प्रति माह 50 पन्नों की एक चेक बुक नि:शुल्क है।<br>✓ सीएमपी सुविधाओं के लिए कार्ड दर पर 75% की छूट (ई-कलेक्शन, थोक भुगतान और चलनिधि प्रबंधन)<br>✓ कैश पिकअप/कलेक्शन सुविधा पर वास्तविक के अनुसार कार्ड दरों + एजेंसी प्रभार पर 50% रियायत<br>✓ एसबीआई कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड सुविधा और ₹1000/-* मूल्य की गूगल क्लाउड सेवाएं<br>* वर्तमान सुविधाएं परिवर्तन के अधीन हैं। नियम और शर्तें लागू। |
| **बिजनेस डेबिट कार्ड** | **करेंट अकाउंट खाताधारकों के लिए**<br>बिजनेस डेबिट कार्ड के साथ, अब आपके पास कई सारे विशेष लाभों और सेवाओं तक की पहुंच है जो आपकी वित्तीय जरूरतों और लाइफ स्टाइल पसंद को पूरा करने के लिए अनुकूलित हैं।<br>**प्राइड *प्रीमियम *प्लेटिनम *रोडियम**<br>✓ रिवार्ड और ऑफ़र<br>✓ लाउंज का उपयोग<br>✓ व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा<br>✓ कॉम्प्लिमेंटरी सेवाएं<br>✓ विश्वव्यापी स्वीकृति |
| **डिजिटल समाधान** | ✓ क्यूआरकोड, पीओएस, वीएएन (वचुर्अल अकाउंट नंबर) और पेमेंट गेटवे के माध्यम से झंझट रहित कैशलेस कलेक्शन<br>✓ आसान समाधान के लिए अनुकूलित एमआईएस<br>✓ वेतन/विक्रेता भुगतान के लिए स्वचालित/अनुकूलित भुगतान समाधान<br>✓ एकाधिक खातों में धनराशि जमा करने के लिए तरलता प्रबंधन समाधान<br>✓ अपनी खुद की वेबसाइट के बिना विविध माध्यमों से शुल्क/अंशदान की वसूली<br>✓ नकदी प्रबंधन समाधान<br>✓ रीयलटाइम, बैच एपीआई लेनदेन, एसएपी उपयोगकर्ताओं के लिए एच2एच समाधान के माध्यम से कनेक्टेड बैंकिंग और एसएफजी (एसएफटीपी) का उपयोग करके पुश लेनदेन |

## चालू खाता

| | |
|---|---|
| **सुरभि चालू खाता** | **करेंट अकाउंट खाताधारकों के लिए**<br>सुरभि चालू खाता कॉर्पोरेट्स/संस्थानों/ट्रस्टों को मूल्य वर्धित सेवा के रूप में स्वीप सुविधा प्रदान करके बेहतर रिटर्न के साथ लिक्विडिटी की सुविधा भी प्रदान करता है। सुरभि चालू खाता स्वीप और रिवर्स स्वीप विकल्प के साथ कॉर्पोरेट लिक्विड टर्म डिपॉजिट (सीएलडीडी) योजना प्रदान करता है।<br>✓ जमाराशि पर बेहतर रिटर्न के साथ लिक्विडिटी<br>✓ बचत खाते/चालू खाते को कॉर्पोरेट लिक्विड टर्म डिपॉजिट के साथ लिंक किया जाता है<br>✓ करेंट अकाउंट के लिए न्यूनतम औसत शेष (एमएबी) ₹10,000/-<br>✓ सीएलटीडी के लिए अवधिः न्यूनतम = 7 दिन और अधिकतम = 36 माह<br>✓ ऑटो स्वीप के लिए थ्रेशोल्ड लिमिट (पहला स्वीप ₹1,00,000/- और बाद में ₹10,000/- के गुणकों में)<br>✓ मुफ्त व्यापार डेबिट कार्ड और किसी भी शाखा में खाते का हस्तांतरण |
| **सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों/ वैधानिक निकायों और रक्षा-अर्धसैनिक बलों के लिए चालू खाता** | चालू खाता उत्पाद विशेष रूप से सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों, वैधानिक निकायों और रक्षा - अर्धसैनिक प्रतिष्ठानों के लिए<br>✓ शून्य मासिक औसत शेष (एमएबी)<br>✓ प्रति माह 25 लाख रुपये तक मुफ्त नकद जमा (सीडीएम, रिसाइक्लर, जीसीसी, होम और नॉनहोम शाखाओं में जमा नकदी सहित)<br>✓ 50 पन्नों की 10 चेक बुक (500 चेक लीव) नि:शुल्क<br>✓ असीमित मुफ्त एनईएफटी/आरटीजीएस<br>✓ डीडी/बीसी का असीमित मुफ्त निर्गम<br>✓ शून्य वार्षिक अनुरक्षण प्रभार<br>* वर्तमान सुविधाएं परिवर्तन के अधीन हैं। नियम और शर्तें लागू |
| **रिएलटर चालू खाता** | ऐसा उत्पाद जो रेरा अधिनियम 2016 के निर्देशों के अनुसार और रियलटर्स की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।<br>**रियल्टर्स का चालू खाता एक:**<br>केवल निधि के 100% कलेक्शन के लिए<br>**रियल्टर्स का चालू खाता दो:**<br>कलेक्शन का न्यूनतम 70% (खाता एक से स्वीप द्वारा अंतरित की जाने वाली निधि) **यह खाता रेरा प्राधिकरण के पास पंजीकृत होगा।**<br>**रियल्टर्स का चालू खाता तीन:**<br>दिन-प्रतिदिन के संचालन के लिए 30% कलेक्शन पार्किंग के लिए (खाता एक से अंतरित की जाने वाली निधि। वर्तमान सुविधाएं परिवर्तित की जा सकती हैं। नियम व शर्तें लागू। |

## चालू खाता

| | |
|---|---|
| **स्मार्ट संग्रह चालू खाता** | **सभी व्यवसायों/इकाइयों के स्थान पर धन का प्रबंधन करने के लिए एक स्मार्ट समाधान।**<br>✓ कई स्थानों पर स्थित व्यवसाय के लिए निधि प्रबंधन को सुव्यवस्थित करता है।<br>✓ केंद्रीकृत निधि संग्रह: आसान ट्रैकिंग के लिए नकद से लेकर डिजिटल भुगतान तक सभी क्रेडिट को एक खाते में जमा करता है।<br>✓ स्वचालित अंतरण: अधिशेष धन स्वचालित रूप से नामित मुख्य व्यवसाय खाते में दैनिक या सहमत समय-सारणी के अनुसार स्थानांतरित कर दिया जाता है।<br>✓ नियंत्रित पहुंच: फ्रेंचाइजी/इकाइयां जमा कर सकती हैं लेकिन सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए धन निकाल नहीं सकती हैं।<br>✓ कुछ सेवाओं का निःशुल्क लाभ उठाने के लिए 25,000/- रुपये का मासिक औसत शेष बनाए रखें। |
| **कोई ग्रहणाधिकार नहीं (नो लियन) चालू खाता** | **कार्यान्वयन एजेंसियों के लिए परियोजना अनुसार विशिष्ट चालू खाता।**<br>✓ मासिक औसत शेष: शून्य<br>✓ पहले 25 चेक पन्ने  निःशुल्क<br>✓ नकद जमा की अनुमति केवल गृह शाखा में ही दी जाती है (गैर-गृह शाखा में अनुमत नहीं)।<br>✓ गृह शाखा में असीमित नकद निकासी निःशुल्क<br>✓ बिजनेस डेबिट कार्ड 'प्राइड' निःशुल्क जारी करना |
| **एस्क्रो चालू खाता** | **ग्राहकों की एस्क्रो आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेष चालू खाता उत्पाद संस्करण।**<br>✓ प्रति माह  5 लाख रुपये की निःशुल्क मासिक नकद जमा सीमा।<br>✓ चेक बुक सुविधा और एटीएम/डेबिट कार्ड की अनुमति नहीं।<br>✓ सभी मोड/चैनलों से जमा करने की अनुमति।<br>✓ खाते के माध्यम से स्थायी अनुदेश/ईसीएस अधिदेश की अनुमति नहीं है। |

वर्तमान सुविधाएं परिवर्तन के अधीन हैं। नियम व शर्तें लागू।

## चालू खाता

| | |
|---|---|
| **आयात-निर्यात व्यापारी चालू खाता** | **आयात-निर्यात चालू खाता ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेषीकृत उत्पाद।**<br>✓ प्रति माह 100 लाख रुपये की निःशुल्क मासिक नकद जमा सीमा।<br>✓ प्रति माह 700 चेक पन्ने निःशुल्क।<br>✓ असीमित निःशुल्क एनईएफटी/आरटीजीएस।<br>✓ बिजनेस डेबिट कार्ड 'प्रीमियम' निःशुल्क जारी करना।<br>✓ खाताधारक को एक विदेश यात्रा कार्ड (एकल मुद्रा या एकाधिक मुद्रा) निःशुल्क जारी करना।<br>✓ सीएमपी समाधानों (वैन, ई-भुगतान और तरलता प्रबंधन सहित ई-संग्रह) की कार्ड दरों पर 25% की छूट।<br>✓ विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए रियायत उपलब्ध। |
| **एकल प्रोपराइटर के लिए डिजिटल चालू खाता खोलने की संपूर्ण प्रक्रिया** | **वीडियो आधारित केवाईसी (वी-केवाईसी) के माध्यम से**<br>✓ कागज रहित प्रक्रिया।<br>✓ शाखा जाने की आवश्यकता नहीं।<br>✓ कोई भौतिक एओएफ या दस्तावेज नहीं लिए जाते।<br>ग्राहक के पास अनिवार्य रूप से चार दस्तावेज होने चाहिए:<br>i) पैन कार्ड<br>ii) आधार<br>iii) जीएसटीआईएन प्रमाणपत्र<br>iv) उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र |

वर्तमान सुविधाएं परिवर्तन के अधीन हैं। नियम व शर्तें लागू।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://sbi.co.in/web/business/sme/current-accounts पर जाएं।

## नकदी प्रबंधन उत्पाद

नकदी प्रबंधन उत्पाद (सीएमपी) कॉर्पोरेट्स/एसएमई/सरकारों की खुदरा और थोक लेनदेन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी संचालित है।

सीएमपी के अंतर्गत उपलब्ध सेवाएं: (i) संग्रह, (ii) भुगतान और (iii) तरलता प्रबंधन

| | |
|---|---|
| **संग्रह** | • **नकदी एवं चेक पिक अप (डोरस्टेप बैंकिंग)**<br>i एलओआई के आधार पर ग्राहकों के स्थान से उठाव तथा उसी दिन खाते में जमा करना।<br>ii कैश पिकअप के लिए उपलब्ध विकल्प का तरीका अर्थात सीलबंद बैग/कैश काउंटिंग और ग्राहक के स्थान पर सत्यापन।<br>iii देर से पिकअप के लिए वॉल्टिंग सुविधा।<br>iv ग्राहक के खाते के प्रकटीकरण से बचने के लिए वर्चुअल खाता संख्या (वीएएन) आधारित सेवाएं।<br>v तीव्र समाधान के लिए दैनिक रिपोर्ट और एमआईएस साझा करना<br>vi. शिकायतों के समाधान के लिए केंद्रीकृत समर्पित सहायता टीम<br>vii. जीएसटी चालान का सृजन।<br>• **मैंडेट प्रसंस्करण**<br>i भौतिक एवं ई-जनादेश का पंजीकरण एवं निष्पादन<br>ii एसबीआई एवं गैर-एसबीआई ग्राहकों के लिए अधिदेशों का प्रसंस्करण।<br>iii 10 हजार से कम के अधिदेशों का स्वचालित पंजीकरण<br>iv आईएनबी, एटीएम, आधार ओटीपी के माध्यम से ई मैंडेट पंजीकरण<br>• **वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन)/आरटीजीएस/एनईएफ़टी/एसबीआई से एसबीआई के माध्यम से ई-संग्रह**<br>i निधियों के तेज, सुरक्षित और पता लगाने योग्य स्रोत के साथ खाता संख्या को छिपाने में सक्षम बनाता है जिससे स्वतः समाधान की सुविधा होती है।<br>ii एसबीआई एवं अन्य बैंकों के आईएनबी, आरटीजीएस/एनईएफटी, चेक, नकद एवं डेबिट वाउचर के माध्यम से मल्टी-चैनल संग्रहण। |
| **भुगतान** | • **कॉर्पोरेट्स/सरकार के लिए ई-भुगतान**<br>i पोर्टल/एच2एच/एसएफटीपी/एपीआई जैसे सुरक्षित चैनलों के माध्यम से वेतन/विक्रेता/अन्य फाइलों का थोक भुगतान।<br>ii पोर्टल/एसएफटीपी के माध्यम से सुपुर्द अनुकूलित एमटी 940 विवरण।<br>iii ग्राहक की आवश्यकतानुसार दैनिक एमआईएस।<br>• **एमसीसी/आईओआई/सीसीपीएपी का थोक मुद्रण**<br>i मल्टीसिटी चेक (सीसीपीएपी - सममूल्य पर देय कॉर्पोरेट चेक) के साथ-साथ डिमांड ड्राफ्ट के थोक मुद्रण के लिए डिजाइन किया गया।<br>ii केंद्रीकृत एवं ग्राहक स्थान पर मुद्रण।<br>• **कॉर्पोरेट्स का लाभांश भुगतान (इलेक्ट्रॉनिक और कागज आधारित)**<br>i आरटीजीएस/एनईएफटी, डीसीआर, डीडब्ल्यू, डीडी के माध्यम से लाभांश/ब्याज भुगतान/मूलधन मोचन के लिए डिजाइन किया गया।<br>ii मासिक/तिमाही आधार पर समाधान विवरण। |

| | |
|---|---|
| **तरलता प्रबंधन** | • एसबीआई में रखे गए ग्राहक के पैरेंट और चाइल्ड खातों/एकाधिक खातों के बीच निधियों के स्वीप और रिवर्स स्वीप की सुविधा प्रदान करता है।<br>• यदि दैनिक अधिकतम सीमा तय कर दी जाए तो डेबिट शेष राशि को भी हटाया जा सकता है।<br>• बैंक/विशेष व्यक्तिगत कॉर्पोरेट में एलएम पदों के लिए एलएम मॉड्यूल में स्नैपशॉट, निष्पादन सारांश, बिलिंग सारांश और शीर्ष कॉर्पोरेट्स के लिए अलग विजेट |

## व्यापारी अधिग्रहण व्यवसाय (मर्चेंट एक्वायरिंग बिज़नेस)

बैंक अपने संयुक्त उद्यम, एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एसबीआईपीएसपीएल) के माध्यम से खुदरा, कॉर्पोरेट, संस्थानों और संगठनों सहित हर प्रकार के व्यापारी के लिए तैयार भुगतान स्वीकृति बुनियादी ढांचे की व्यापक शृंखला प्रदान करता है।

- **प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस):** डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए बैंक मर्चेंट की आवश्यकता के अनुसार पीएसटीएन/डीजीपीआरएस/पीजीपीआरएस/एंड्रॉइड/मोबाइल पीओएस टर्मिनल प्रदान करता है।
- **भारत क्यूआर:** क्यूआर कोड स्कैन करके व्यापारियों द्वारा अपने ग्राहकों से भुगतान प्राप्त करने का एक परेशानी मुक्त और सुरक्षित तरीका। भारत क्यूआर प्रमुख कार्ड योजनाओं (वीजा, मास्टर, रुपे) और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस) के बीच इंटरऑपरेबल है।
- **भीम आधार एसबीआई:** डिजिटल भुगतान स्वीकृति समाधान, जो छोटे व्यक्तिगत व्यापारियों को आधार आधारित प्रमाणीकरण का उपयोग करके उपभोक्ताओं से कैशलेस भुगतान स्वीकार करने की सुविधा प्रदान करता है।
- **योनो मर्चेंट ऐप:** योनो मर्चेंट ऐप सभी व्यापारियों के लिए एक तेज़ और सरल समाधान है, जिससे वे अपने व्यवसाय को पूरी तरह से प्रबंधित कर सकते हैं और कहीं भी, कभी भी सीधे अपने फ़ोन से अधिक कुशलता से संचालित कर सकते हैं। ग्राहक व्यापारी के मोबाइल (एनएफसी) पर संपर्क रहित कार्ड टैप करके या क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।
- **साउंड बॉक्स:** क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान की स्वीकृति के लिए। वर्तमान में यह सुविधा भारत क्यूआर के साथ उपलब्ध है, बहुत जल्द यूपीआई क्यूआर व्यापारियों के लिए भी साउंड बॉक्स उपलब्ध होगा।

# व्यवसाय : ऋण उत्पाद

## कैश क्रेडिट (कार्यशील पूंजी)

- बैंक के पास फर्म की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए कैश क्रेडिट उत्पाद उपलब्ध हैं।
- विनिर्माण/व्यापार या सेवाओं में शामिल इकाइयों द्वारा अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं जैसे कच्चे माल/स्टॉक की खरीद, विनिर्माण और कर्मचारियों, उपयोगिताओं आदि को वेतन का भुगतान करने जैसे अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।
- ऋण सीमाओं का आकलन लेखापरीक्षित वित्तीय दस्तावेजों/नकदी प्रवाह और फर्म द्वारा प्रस्तुत अनुमानों पर आधारित होता है।
- यह सुविधा फर्म की आंतरिक/बाह्य रेटिंग से जुड़ी प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर दी जाती है।
- यह सुविधा बैंक की नीति के अधीन प्रदान की जाती है।

## मीयादी ऋण

- बैंक अचल परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, क्षमता के विस्तार/प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए मीयादी ऋण वित्तपोषण प्रदान करता है।
- मीयादी ऋण का लाभ विनिर्माण/व्यापार या सेवाओं में शामिल इकाइयों द्वारा अचल परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए लिया जा सकता है।
- ऋण सीमाओं का आकलन फर्म द्वारा प्रस्तुत लेखापरीक्षित दस्तावेजों/नकदी प्रवाह और परियोजना मूल्यांकन पर आधारित होता है।
- प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों की पेशकश की जाती है, जो फर्म की आंतरिक/बाहरी रेटिंग से जुड़ी होती है।
- संपार्श्विक प्रतिभूति बैंक नीति के अनुसार लागू होगी।

## ई-वीएफएस (इलेक्ट्रॉनिक वेंडर फाइनेंस स्कीम)-आईएम एक्सपोजर वेरिएंट

- सीमा का आकलन कॉर्पोरेट द्वारा वस्तुओं/सेवाओं की व्यस्ततम मासिक (पिछले 12 माह) खरीद के आधार पर किया जाता है।
- व्यक्तिगत विक्रेता सीमा की आवश्यकता नहीं है।
- पोर्टल पर विक्रेताओं को जोड़ने के लिए सुविधा।
- उद्योग प्रमुख पर एक्सपोजर/रिकोर्स
- 100% इनवॉइस फंडिंग
- कोई प्राथमिक प्रतिभूति नहीं
- या तो प्रतिभूति रहित आधार पर या बैंक के साथ समग्र संबंध और आईएम की जोखिम अवधारणा के आधार पर सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर प्रतिभूति (शुल्क का विस्तार) प्राप्त करना।
- बैंक के साथ समग्र संबंध और आईएम की जोखिम अवधारणा के आधार पर सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर प्रतिभूति की प्राप्ति (प्रभार का विस्तार)।
- टी-बिल से संबद्ध ब्याज-दर
- उदारीकृत प्रलेखन।
- सुविधा की प्रकृति नकद ऋण (प्रतिभूति रहित) है।

## ई-डीएफएस (इलेक्ट्रॉनिक डीलर फाइनेन्स स्कीम)

- ई-डीएफएस उद्योग की बडी कंपनियों (आईएम) से डीलरों की खरीद के वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करता है जिससे इन्वेंटरी वित्तपोषण की सुविधा मिलती है।
- उत्पाद के लिए लक्ष्य समूह कम्फर्ट लेटर में आईएम द्वारा अनुशंसित डीलर/वितरक हैं।
- एक समर्पित इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध है जो आईएम डीलरों को आसान, सुविधाजनक और परेशानी मुक्त बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करता है।
- ईबीआर/6 माह के एमसीएलआर से संबद्ध प्रतिस्पधी ब्याज दर।
- 25% संपार्श्विक प्रतिभूति की न्यूनतम आवश्यकता

## ई-वीएफएस (इलेक्ट्रॉनिक वेंडर फाइनेन्स स्कीम) वेंडर एक्सपोजर वेरिएंट

- ई-वीएफएस प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट्स (उद्योग प्रमुखों) को आपूर्ति की गई वस्तुओं/सेवाओं के बदले विक्रेताओं को दी जाने वाली इनवॉइस डिस्काउंटिंग सुविधा है।
- उत्पाद के लिए लक्ष्य समूह प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स (उद्योग प्रमुख) के विक्रेता हैं।
- विक्रेता द्वारा आईएम को पिछले 12 महीनों की व्यस्ततम मासिक बिक्री और आकस्मिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए 20% अतिरिक्त सीमा के साथ सहमत ऋण अवधि के आधार पर सीमा स्वीकृत की जाती है।
- विक्रेता पर एक्सपोजर/रिकोर्स
- 100% इनवॉइस फंडिंग
- कोई प्राथमिक प्रतिभूति नहीं
- शून्य कोलैटरल सिक्योरिटी
- एकल एकीकृत शुल्क: न्यूनतम रु. 10,000.00 से अधिकतम रु. 30,000.00
- 50 करोड़ रुपये तक के ऋण को सैद्धांतिक मंजूरी के लिए डिजिटल प्रक्रिया।
- उदारीकृत प्रलेखन।
- सुविधा की प्रकृति नकद ऋण (बेजमानती) है।
- टी-बिल से संबद्ध ब्याज दर

## निर्यात वित्त

- बैंक के पास निर्यात व्यवसाय में शामिल इकाइयों के लिए विशेष उत्पाद हैं।
- कुछ उत्पाद निर्यातक गोल्ड कार्ड (शुल्क में छूट के साथ उदारीकृत योजना), निर्यात पैकिंग क्रेडिट (ईपीसी), विदेशी बिल खरीद (एफबीपी), विदेशी मुद्रा में पैकिंग क्रेडिट (पीसीएफसी) और निर्यात बिल रिडिस्काउंटिंग (ईबीआर) हैं।
- सभी सुविधाएं प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उपलब्ध हैं और पात्र निर्यातकों को टी-बिल लिंक्ड मूल्य निर्धारण भी दिया जाता है। सभी सुविधाएं टी बिल मूल्य निर्धारण से जुड़ी प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध हैं।
- ब्याज समतुल्यीकरण योजना का लाभ पात्र निर्यातकों को सरकार की घोषणा और मानदंडों के अनुसार अग्रिम रूप से दिया जाता है।
- सीमाओं का आकलन सरल और आवश्यकता आधारित है और मुख्य रूप से पिछले/अनुमानित निर्यात कारोबार और हाथ में मौजूद ऑर्डर पर आधारित है।
- बैंक की नीति के अनुसार संपार्श्विक प्रतिभूति लागू हो सकती है।

# व्यवसाय : ऋण उत्पाद

## एबीएल (सरल)

- संपत्ति के आधार पर ऋण।
- वित्त की मात्रा: रु.10 लाख से अधिक रु.5 करोड़ तक (अचल संपत्ति: वसूली योग्य मूल्य का 65%)।
- कोई प्राथमिक प्रतिभूति की परिकल्पना नहीं की गई है।
- ऋण चुकौती अवधि 180 माह है।

## एसबीआई एबीएल

- संपत्ति के आधार पर ऋण।
- वित्त की मात्रा: 5 करोड़ से अधिक 20 करोड़ रुपये (अचल संपत्ति: वसूली योग्य मूल्य का 60%)।
- कोई प्राथमिक सुरक्षा की परिकल्पना नहीं की गई है।
- ऋण चुकौती अवधि 240 माह है।

## टीएमएफएल टाई-अप के अंतर्गत एसबीआई फ्लीट ऋण

- ऋण की मात्रा : न्यूनतम 50 लाख रुपये से अधिकतम 50 करोड़ रुपये
- परिवहन उद्योग, लॉजिस्टिक और अन्य संबंधित गतिविधियों में न्यूनतम 3 साल का अनुभव
- 5 महीने की स्थगन अवधि सहित अधिकतम 72 महीने की चुकौती अवधि
- टाई अप के अंतर्गत संपार्श्विक प्रतिभूति की आवश्यकता नहीं। तथापि, स्कोर उन्नत एवं क्रेडिट स्कोर मॉडल के अंतर्गत पात्रता प्राप्य हेतु ऋणी द्वारा स्वयं प्रस्तावित किए जाने पर संपार्श्विक प्रतिभूति स्वीकार की जा सकती है।
- प्रवर्तकों/निदेशकों की व्यक्तिगत गारंटी अनिवार्य होगी।
- इसी तरह, हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड (एचएलएफएल) और
- महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमएमएफएसएल) के साथ गठजोड़।

## वेयरहाउस रसीदों (डब्ल्यूएचआर) पर वित्त:

- कोलेट्रल मेनेजर (सीएम) द्वारा जारी मालगोदाम रसीदों पर व्यापारियों/ माल के मालिकों/ निर्माताओं/ प्रोसेसर को वित्त, जिनके साथ हमने टाई-अप किया है (वर्तमान में एनबीएचसी, स्टार एग्री, सोहनलाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एलटीसी कमर्शियल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और ईएनडब्ल्यूआर)
- लक्ष्य समूह: व्यापारी/माल के मालिक/प्रोसेसर/निर्माता
- सुविधा को कार्यशील पूंजी मांग ऋण, परिक्रामी मांग ऋण और नकद ऋण सुविधा (₹1 करोड़ और उससे अधिक की सीमा के लिए) के रूप में स्वीकृत किया जा सकता है
- सरलीकृत दस्तावेज़ीकरण
- प्रतिस्पर्धी ब्याज दर

## एसएमई कार ऋण



- प्रमोटर/पार्टनर/निदेशक की पिछले साल की आयकर रिटर्न के अनुसार सालाना 3.00 लाख रुपये या उससे अधिक की सकल कर योग्य आय होनी चाहिए।
- वित्त की मात्रा: 5.00 करोड़ रुपये या आईटीआर के अनुसार सालाना सकल कर योग्य आय का 4 गुना तक, जो भी कम हो, निम्नलिखित ईएमआई/एनएमआई शर्तों के अधीन।
- आवेदक के सीआईसी स्कोर से जुडी ब्याज दर।
- संपार्श्विक प्रतिभूति की आवश्यकता नहीं है। खरीदे गए वाहन (ओं) का केवल बंधक ही सुरक्षा के रूप में लिया जाएगा।
- ईएमआई के माध्यम से अधिकतम 5 या 7 वर्ष की पुनर्भुगतान अवधि

## एसबीआई फ्लीट फाइनेंस स्कीम (नियमित)

- वित्त की मात्रा: न्यूनतम 50 लाख रुपये, अधिकतम 5 करोड़ रुपये।
- परिवहन उद्योग और अन्य व्यवसायों में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। बेडा संचालक के पास न्यूनतम 10 वाहनों का बेडा हो।
- अधिकतम 60 माह की चुकौती अवधि।
- ऋण सीजीटीएमएसई के अंतर्गत कवर होना चाहिए। गारंटी शुल्क उधारकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।
- प्रमोटरों/भागीदारों/प्रमोटर निदेशकों की व्यक्तिगत गारंटी अनिवार्य होगी।

## स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय ऋण



- वित्त की मात्रा: न्यूनतम रु.10 लाख से अधिकतम रु. 50 करोड़ रुपए
- सावधि ऋण और/या नकदी ऋण। नकदी ऋण सुविधा की अधिकतम सीमा केवल 5 करोड़ रुपये है। समग्र सावधि ऋण एक्सपोजर के भीतर घरेलू/विदेशी आपूर्तिकताओं के संबंध में कैपेक्स एलसी प्रदान किया जा सकता है।
- संपार्श्विक प्रतिभूति: सीजीटीएमएसई के तहत कवर किए जाने पर 5 करोड़ रुपये तक-शून्य

  5 करोड़ रुपये से 50 करोड़ रुपये से अधिक के ऋणों के लिए न्यूनतम 25% सरफेसी सक्षम मूर्त संपार्श्विक सुरक्षा।
- कैश क्रेडिट मांग पर देय होगी अथवा इसकी वार्षिक समीक्षा की जाएगी। मीयादी ऋण अधिकतम चुकौती अवधि 10 महीने की अधिस्थगन सहित 18 वर्ष।

# व्यवसाय : ऋण उत्पाद

## व्यापार नियम इंजन (बीआरई)

बीआरई एसएमई उत्पादों के लिए 5.00 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए एकल ऋण जोखिम मॉडल है, जो एसएमई मंजूरी प्रक्रिया को तेज, नवीन, भविष्य के लिए तैयार बनाता है और सभी प्रकार के लिए सीधे प्रसंस्करण (एसटीपी) को सक्षम बनाता है। बैंक के लिए नया (एनटीबी), बैंक के लिए मौजूदा (ईटीबी) और साथ ही नवीनीकरण।

**बीआरई की प्रमुख विशेषताएं:**

- 5 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋणों को संसाधित करता है।
- आवेदन प्राप्ति जन समर्थ पोर्टल (मुद्रा ऋण के लिए) और सीएलपी पोर्टल (10 लाख रुपये से 5 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए) के माध्यम से एक एंड-टु-एंड यात्रा होगी। (लिंक: https://www.sbiloansin59minutes.com)
- अधिकांश यथोचित सावधानी विभिन्न एपीआई की सहायता से जोखिम मॉडल द्वारा किया जाएगा।
- ब्राउनफील्ड इकाइयों के लिए डब्लूसी सीमा का मूल्यांकन बीआरई मॉडल द्वारा किया जाएगा।

## सोलर विक्रेताओं का वित्तपोषण

**लक्ष्य समूह:** सौर विक्रेता/चैनल पार्टनर/उप-ठेकेदार के रूप में कार्यरत मौजूदा एसएमई व्यवसाय उद्यम, जो एमएनआरई के साथ पंजीकृत हैं, तथा आवासीय और वाणिज्यिक सौर ऊर्जा परियोजनाओं के निष्पादन का कार्य संभालते हैं

**उपलब्ध सुविधाएं:** नकद ऋण

**ऋण की मात्रा:** न्यूनतम: रु. 10 लाख,
अधिकतम: रु. 5 करोड़
सीमा के 20% तक स्टैंड-बाय ऋण सुविधा।

**ब्याज दर:** उधारकर्ता की रेटिंग के आधार पर या योजना विशिष्ट रेटिंग (यदि लागू हो) या बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार आकर्षक ब्याज दरें।
कोई संपार्श्विक प्रतिभूति नहीं। सभी ऋणों को सीजीटीएमएसई के अंतर्गत कवर किया जाना है।

**प्रोसेसिंग शुल्क/अपफ्रंट शुल्क:** समय-समय पर लागू बैंक की मौजूदा कार्ड दरों के अनुसार

## एसबीआई ईवी: मित्रा- ईवी (इलेक्ट्रिकल वाहन) सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन के लिए वित्त

**लक्ष्य समूह:** मौजूदा और संभावित एमएसएमई और गैर-एमएसएमई व्यवसाय उद्यम जो ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस), ईवी कैप्टिव चार्जिंग स्टेशन (सीसीएस) और बैटरी चार्जिंग स्टेशन (बैटरी स्वैपिंग स्टेशन) स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। मौजूदा ईंधन स्टेशन/पेट्रोल पंप, होटल, रेस्तरां, वाणिज्यिक/कार्यालय स्थान आदि, जो कैप्टिव या वाणिज्यिक उपयोग के लिए अपने परिचालन परिसर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पॉइंट स्थापित करने का इरादा रखते हैं।

**उपलब्ध सुविधाएं:** मीयादी ऋण

**ऋण की मात्रा:** न्यूनतम: > रु. 10 लाख,
अधिकतम: रु. 5 करोड़

**मूल्य निर्धारण:** उधारकर्ता की रेटिंग के आधार पर या योजना विशिष्ट रेटिंग (यदि लागू हो) या बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार आकर्षक ब्याज दरें।

**उधारकर्ता का मार्जिन/अंशदान: न्यूनतम 25%**

**चुकौती अवधि:** मीयादी ऋण: 8 वर्ष (अधिकतम 9 माह की अधिस्थगन अवधि सहित)

**प्रोसेसिंग शुल्क/अपफ्रंट शुल्क:** समय-समय पर लागू बैंक की मौजूदा कार्ड दरों के अनुसार।

**विशेष सुविधा:** परियोजना लागत में कैफेटेरिया टॉयलेट आदि की स्थापना की लागत शामिल हो सकती है। हालांकि, ऐसी अतिरिक्त सुविधाओं की लागत कुल परियोजना लागत के 25% या 100 लाख रुपये, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## कृषि : ऋण उत्पाद

### किसान समृद्धि ऋण (केएसआर)

- उद्देश्य: वैज्ञानिक और प्रगतिशील खेती की एंड-टू-एंड क्रेडिट आवश्यकताओं के लिए कृषि कैश क्रेडिट सुविधा
- पात्र संस्थाएं - कॉर्पोरेट किसानों सहित सभी प्रकार के किसान, एफपीओ/एफपीसी आदि
- पात्रता-
  - क्रेडिट स्कोर: 650 और उससे अधिक*
  - भूमि जोत: ≥ 4 एकड़ या किसान वैज्ञानिक विधि से खेती कर रहा है।
  - कंपनियों और कॉर्पोरेट्स के लिए: पिछले/अगले 2 वर्षों में लाभ अर्जन।
- ऋण की मात्रा - 5.00 लाख रुपये से 50.00 करोड़ रुपये
- आकर्षक ब्याज दरें
- आयु सीमा: न्यूनतम-18 वर्ष
  अधिकतम-कोई आयु सीमा नहीं

### कृषि और खाद्य उद्यम ऋण (एएफ़ईएल)

- कृषि संबद्ध और संबंधित गतिविधियों में लगी व्यावसायिक संस्थाओं के वित्तपोषण के लिए
- लक्ष्य समूह - चुनिंदा कृषि, संबद्ध, कृषि बुनियादी ढांचे और सहायक गतिविधियों के लिए कृषि कमोडिटी, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि इनपुट विनिर्माण, कृषि निर्यात आदि में काम करने वाले कृषि-आधारित उद्यम
- पात्र संस्थाएं - एकल स्वामी, साझेदारी फर्म, प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां, एलएलपी, कॉर्पोरेट, एफपीओ
- ऋण की मात्रा - 1 लाख रुपये से 100 करोड़ रुपये
- प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें
- ऋण अवधि - 10 वर्ष तक जिसमें अधिकतम 24 महीने की अधिस्थगन अवधि शामिल है।

# कृषि ऋण उत्पाद

## स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषण

- रुपये 20.00 लाख तक ऋण
- स्वयं सहायता समूह के मूल निधि के आधार पर ऋण
- पंचसूत्रों का रख-रखाव अनिवार्य वित्त के लिए
- रु. 20 लाख तक का ऋण - कोई कोलैटरल मार्जिन नहीं
  रु. 10 लाख तक का ऋण - शून्य
  रु. 10 लाख से अधिक का ऋण - न्यूनतम 10%
- सामाजिक जरूरतों को पूरा करने, उच्च लागत वाले ऋण की अदला-बदली, घर का निर्माण या मरम्मत, शौचालयों का निर्माण और स्थायी आजीविका या एसएचजी द्वारा शुरूकी गई किसी भी व्यवहार्य सामान्य गतिविधि को वित्तपोषित करने के लिए एसएचजी सदस्यों की संपूर्ण ऋण आवश्यकताओं को पूरा करना।

## कृषि स्वर्ण ऋण

- फसल/निवेश संबंधी जरूरतों और संबद्ध कार्यकलापों के लिए किसानों के लिए गोल्ड ऋण
- आसान प्रोसेसिंग और त्वरित संवितरण के लिए योनो से आवेदन की सुविधा
- अधिकतम ऋण रुपये 25.00 लाख
- सरल प्रक्रिया और कम ब्याज दर
- अधिकतम 12 माह में चुकौती

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) योजना

- मौजूदा और नए खाद्य प्रसंस्करण के उन्नयन के लिए उद्यमी, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और सहकारी समितियों को वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता
- माईक्रो एनटरप्राईजेस को व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर सहायता
- ब्रांडिंग और मार्केटिंग सहायता
- संस्थानों के सुदृढ़ीकरण के लिए समर्थन
- 'पीएमएफएमई' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें
- सामान्य सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि जैसे सामान्य प्रसंस्करण सुविधा, प्रयोगशालाएं, भंडारण, पैकेजिंग, विपणन और इनक्यूबेशन सेवाएं
- **व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यम:** पूंजीगत सब्सिडी पात्र परियोजना लागत का 35% अधिकतम रु. 10 लाख.
  एफपीओ/एसएचजी/सहकारी समितियाँ: -
  पात्र परियोजना लागत की पात्र परियोजना लागत का 35% अधिकतम रु. 3 करोड़ सामान्य अवसंरचना विकास-पात्र परियोजना लागत का 35%

## स्वयं सिद्ध पहल

- परिपक्व एसएचजी की व्यक्तिगत महिला सदस्य जो हमारे साथ ऋण से जुड़ी हैं और एसआरएलएम/एनआरएलएम द्वारा प्रायोजित हैं
- सरलीकृत ऋण प्रक्रिया
- अधिकतम सीमा ₹ 10.00 लाख तक है।

  सभी एमएसएमई मुद्रा और कृषि मुद्रा कार्यकलापों को कवर किया गया है। 28 सामान्य कार्यकलापों के लिए। रु. 5.00 लाख की ऋण सीमा तक सरलीकृत प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

  (i) इन 28 सामान्य कार्यकलापों के लिए 5.00 लाख रुपये से अधिक से लेकर 10.00 लाख रुपये तक की राशि के लिए नियमित मुद्रा ऋण प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

  (ii) रुपये 80,000/- से लेकर 10.00 लाख रुपये तक की ऋण राशि के लिए 28 सामान्य कार्यकलापों के अलावा अन्य सभी कार्यकलापों के लिए नियमित मुद्रा ऋण प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

  - सभी एमएसएमई मुद्रा और कृषि मुद्रा गतिविधियाँ जहाँ सीजीएफएमयू कवर उपलब्ध है, 28 सामान्य कार्यकलापों सहित कवर की जाती हैं। दो गतिविधियाँ बागवानी और पॉलीहाउस को बाहर रखा गया है क्योंकि इन कार्यकलापों के लिए सीजीएफएमयू कवर उपलब्ध नहीं है।
  - समय पर ऋण चुकौती वाली महिला उद्यमियों को अधिकतम 3 वर्षों के लिए प्रति सदस्य 1.50 लाख तक के बकाया पर 2% ब्याज सहायता प्रदान की जाएगी। ब्याज सहायता किसी व्यक्ति को केवल एक बार ही प्रदान की जाएगी।
  - डीएवाई एनआरएलएम योजना के तहत व्यक्तिगत महिला एसएचजी सदस्यों को 5.00 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान करने के लिए बैंकों/ऋण संस्थानों को वास्तविक ऋण गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी। 5.00 लाख रुपये से अधिक ऋण राशि के मामले में, ऋण राशि के अनुपात में ऋण गारंटी शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी। प्रतिपूर्ति 5 वर्ष तक उपलब्ध है। सीजीएफएमयू शुल्क की वापसी किसी व्यक्ति को केवल एक बार प्रदान की जाएगी।
  - पूर्व में प्रति स्वयं-सहायता समूह 1 महिला सदस्य के वित्तपोषण तक सीमित था। यह प्रतिबंध अब हटा दिया गया है। परिपक्वएसएचजी से कोई भी सदस्य इस योजना के तहत ऋण प्राप्त करने के पात्र हैं

# कृषि ऋण उत्पाद

## कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर कोष (एआईएफ)

- फसलोत्तर प्रबंधन परियोजनाएं जिनमें एकीकृत प्राथमिक और द्वितीयक प्रसंस्करण परियोजनाएं शामिल हैं, की स्थापना, कोल्ड स्टोर्स, व्यवहार्य कृषि परिसंपत्तियां, वेयरहाउसिंग, साइलो, परख/ग्रेडिंग, पैकिंग यूनिट, पक्कन चैम्बर/वैक्सिंग संयंत्र आदि शामिल हैं।
- किसानों, कृषि उद्यमियों, स्टार्ट-अप और केंद्रीय/राज्य एजेंसी या स्थानीय निकाय प्रायोजित पीपीपी परियोजनाएं, राज्य एजेंसी/एपीएमसी, सहकारी समितियों के राष्ट्रीय और राज्य संघ, पीएसीएस, विपणन सहकारी समितियां, एफपीओ, एसएचजी, जेएलजी, बहुउद्देशीय सहकारी समितियां।
- अधिकतम सात वर्ष की अवधि के लिए रुपये 2.00 करोड़ की लिमिट तक 3.00% प्रति वर्ष की ब्याज सहायता
- एआईएफ योजना के साथ पीएफएफएमई योजना और अन्य योजनाओं के अंतर्गत कंवर्जेंस लाभ
- सीजीटीएमएसई के तहत 2.00 करोड़ रुपये तक की क्रेडिट गारंटी कवरेज एनएबी सैन राशन ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के तहत क्रेडिट गारंटी योजना: एफपीओ के लिए 2.00 करोड़ तक।

## किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)

- पात्रता - सभी किसान - व्यक्ति/संयुक्त उधारकर्ता जो मालिक कृषक, किरायेदार किसान, मौखिक पट्टेदार (अन्य से संबंधित भूमि पर अधिकार) और बटाईदार, एसएचजी और जेएलजी हैं।
- सुविधा - कैश क्रेडिट
- चुकौती अवधि - अल्प अवधि फसलें - संस्वीकृति की तिथि से 12 महीने, लंबी अवधि की फसलें - संस्वीकृति की तिथि से 18 महीने। केसीसी सीमा 5 वर्ष के लिए वैध है, बशर्ते कि इसकी समीक्षा वार्षिक अंतराल पर की जाए।
- ऋण राशि - फसल पैटर्न, एकड़ और वित्त के पैमाने (एसओएफ) पर विचार करते हुए आवश्यकता आधारित वित्त। वार्षिक समीक्षा के अधीन 5वें वर्ष तक प्रत्येक वर्ष सीमा को 10% की दर से बढ़ाया जाएगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ब्याज सहायता
- किसानों द्वारा त्वरित/समय पर चुकौती के लिए 3% प्रति वर्ष का शीघ्र चुकौती प्रोत्साहन
- कर्नाटक राज्य के मौजूदा बैंक (ईटीबी) ग्राहकों के लिए, पूरी तरह से डिजिटल एसटीपी केसीसी प्रक्रिया ₹1.60 लाख तक ऋण के लिए है जिसे जन समर्थ पोर्टल पर विकसित किया गया है।
- फसलों की खेती, फसल कटाई बाद के खर्च, किसान परिवारों की उपभोग आवश्यकताएं, कृषि परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए कार्यशील पूंजी, कृषि मशीनरी और संबद्ध गतिविधियों जैसे कृषि के लिए निवेश ऋण आवश्यकता, एक वर्ष की अवधि के भीतर चुकाने के लिए अल्पकालिक ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए

## पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ़)

- पशु आहार विनिर्माण इकाइयों सहित मौजूदा डेयरी प्रसंस्करण और मांस प्रसंस्करण की नई स्थापना और सुदृढ़ीकरण
- एफपीओ, निजी कंपनियां, व्यक्तिगत उद्यमी, धारा 8 कंपनियां, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), डेयरी सहकारी समितियां।
- नियमित चुकौती के लिए 3% प्रति वर्ष का ब्याज सबवेंशन।
- ब्याज सबवेंशन अधिस्थगन सहित केवल 8 वर्ष की चुकौती अवधि तक प्रदान किया जाएगा।
- सीजीटीएमएसई के तहत 5.00 करोड़ रुपये तक की क्रेडिट गारंटी कवरेज
- एनएबी संरक्षण ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के तहत ऋण गारंटी योजना: एमएसएमई के लिए 25 करोड़ तक।

"portal.udyamimitra.in" पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें

# कृषि ऋण उत्पाद

## वेयरहाउस रसीद वित्तपोषण-कृषि

- फसल कटाई के तुरंत बाद मजबूरन बिक्री, आमतौर पर जब कीमतें कम होती हैं, से बचने के लिए ऋण
- जारी रसीद पर ऋण दिया जाता है:

  I. वेयरहाउस डब्ल्यूडीआरए के साथ पंजीकृत हैं।

  II. वेयरहाउस अनुमोदित कोलेटरल प्रबंधकों द्वारा प्रबंधित है।
- अधिकतम ऋण अवधि - 12 माह

  बशर्ते:

  **अधिकतम ऋण अवधि वस्तु की शेल्फ लाइफ से 1 माह कम होगी**

  **उदाहरण**

| शेल्फ लाइफ | अधिकतम अवधि |
|---|---|
| 12 माह | 11 माह |
| 3 माह | 2 माह |

- न्यूनतम: रु.1.00 लाख

  अधिकतम ऋण राशि निम्नानुसार होगी:

  **व्यक्तिगत किसान/एसएचजी/जेएलजी**

| वेयरहाउस रसीद की श्रेणी | अधिकतम ऋण |
|---|---|
| क. डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदामों द्वारा जारी ई-एनडब्ल्यूआर | ₹2.00 करोड़ प्रति उधारकर्ता |
| ख. अनुमोदित कोलेटरल प्रबंधकों द्वारा जारी डब्ल्यूएचआर | |

**एफपीओ/किसान सहकारी समितियां/पीएसीएस/कृषि-खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां:**

| वेयरहाउस रसीद की श्रेणी | अधिकतम ऋण |
|---|---|
| क. डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदामों द्वारा जारी ई-एनडब्ल्यूआर | ₹10.00 करोड़ |
| ख. अनुमोदित कोलेटरल प्रबंधकों द्वारा जारी डब्ल्यूएचआर | |

- कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं - अनुमोदित कोलेटरल प्रबंधकों द्वारा जारी ई-एनडब्ल्यूआर और डब्ल्यूएचआर
- कोई कोलेटरल प्रतिभूति नहीं - अनुमोदित कोलेटरल प्रबंधकों द्वारा जारी ई-एनडब्ल्यूआर और डब्ल्यूएचआर

## परिसंपति समर्थित कृषि ऋण (एबीएएल)

- पारंपरिक, आधुनिक खेती और संबंधित कार्यकलापों के लिए ऋण
- अल्प अवधि उपज और निवेश क्रेडिट के लिए ऋण
- प्रति उधारकर्ता रुपये 2.00 करोड़ तक अधिकतम ओवरड्राफ्ट लिमिट
- सरफेसी अनुपालन वाली अचल संपत्ति पर ऋण

# कृषि ऋण उत्पाद

## मुद्रा ऋण - संबद्ध कृषि गतिविधियाँ

- उद्देश्य: लोगों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए रोजगार पैदा करना और आजीविका के लिए आय उत्पन्न करना।
- पात्रता: संबद्ध कृषि गतिविधियों में लगे कॉर्पोरेट निकायों, संस्थानों, एसएचजी, जेएलजी को छोड़कर व्यक्ति, एकल स्वामी, साझेदारी फर्म।
- पात्र गतिविधियां: डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य पालन, रेशम कीट पालन, सुअर पालन, भेड़ पालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम की खेती, आदि।
- ऋण सुविधा: ओवरड्राफ्ट और ड्रॉपलाइन ओवरड्राफ्ट
- ऋण राशि: रु. 20.00 लाख तक के संपार्श्विक मुक्त ऋण। CGFMU कवर उपलब्ध है।

## ट्रैक्टर ऋण

- केवल न्यूनतम 2 एकड़ कृषि भूमि वाले व्यक्ति ही पात्र हैं, अधिकतम दो सह-आवेदक जोड़े जा सकते हैं।
- सुविधा - टर्म लोन - ट्रैक्टर और एक्सेसरीज (बीमा + पंजीकरण शुल्क सहित)
- चुकौती अवधि - छमाही किस्तों के साथ 5 वर्ष तक
- ऋण राशि - न्यूनतम रु. 2 लाख से अधिकतम 25 लाख तक
- मार्जिन - कुल लागत का 25%
- ट्रैक्टर और सहायक उपकरण की खरीद की लागत को पूरा करने के लिए (बीमा और पंजीकरण शुल्क सहित)

## मत्स्य पालन/प्रसंस्करण

- उद्देश्य: मछली पालन और झींगा/श्रिम्प खेती, नाव, तालाबों का निर्माण/गहराई बढ़ाना/चौड़ी करना/गाद निकालना आदि
- पात्रता: व्यक्तिगत, स्वामी, साझेदारी फर्म, एलएलपी, कंपनियां, सहकारी समितियां, मछली किसानों का समूह - एसएचजी/जेएलजी पात्र हैं।
- वित्त की मात्रा: 2.00 लाख रुपये से 50.00 करोड़ रुपये
- 12 महीने की अधिस्थगन अवधि सहित अधिकतम 7 वर्ष की चुकौती अवधि

## मुर्गी पालन/प्रसंस्करण

- उद्देश्य: ब्रॉयलर उत्पादन, अंडा उत्पादन, पुलेट उत्पादन, ब्रीडर बर्ड उत्पादन, उपकरण खरीद, पोल्ट्री फीड, दवाएं, शेड, बोरवेल का निर्माण, बीमा का भुगतान आदि, पोल्ट्री (ब्रायलर/परत) खेती गतिविधि करने और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना/विस्तार/मशीनीकरण और रखरखाव की लागत को पूरा करने के लिए
- पात्रता: व्यक्तिगत किसान (स्वयं सहायता समूहों सहित) या संयुक्त देयता समूह (जेएलजी), कॉर्पोरेट किसान, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)/(एफपीसी) कंपनियां, साझेदारी फर्म और कृषि और संबद्ध गतिविधियों में लगे किसानों की सहकारी समितियां उत्पाद के तहत पात्र हैं।
- वित्त की मात्रा: 1.00 लाख रुपये से 25.00 करोड़ रुपये तक
- 9 महीने की अधिस्थगन अवधि सहित 120 महीनों में चुकाया जा सकता है।

## डेयरी /प्रसंस्करण

- डेयरी प्रसंस्करण गतिविधि के लिए दुधारू मवेशियों की खरीद, संयंत्र और मशीनरी की खरीद, शेड का निर्माण आदि, भूमि विकास सहित आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण, आवश्यक संयंत्र और मशीनरी की खरीद आदि के लिए वित्त पोषण।
- व्यक्तिगत किसान, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, कॉर्पोरेट, एफपीओ, साझेदारी फर्म और सहकारी समितियां उत्पाद के तहत पात्र हैं।
- डेयरी फार्म के लिए 5 वर्ष की चुकौती और अधिस्थगन अवधि सहित प्रसंस्करण गतिविधि के लिए 10 वर्ष तक की चुकौती।
- डेयरी फार्म के लिए अधिकतम अधिस्थगन 3 महीने और प्रसंस्करण गतिविधि के लिए अधिकतम 18 महीने तक।

# बेहतर डिजिटल अनुभव




## एसबीआई ऑनलाइन

इंटरनेट बैंकिंग - वेब पोर्टल - https://www.onlinesbi.sbi/

## डेबिट कार्ड



विभिन्न कार्डों के माध्यम से अपनी बैंकिंग को सुविधाजनक बनाएँ

## योनो लाइट

ऐप उपलब्ध - प्ले/ ऐप स्टोर से इंस्टॉल करें

## एसबीआई भीम पे ऐप/यूपीआई

प्ले/ ऐप स्टोर से इंस्टॉल करें या इंटरनेट बैंकिंग / योनो / योनो लाइट के माध्यम से सक्रिय करें

## योनो

ऐप उपलब्ध - प्ले / ऐप स्टोर से इंस्टॉल करें



**कभी भी किसी पॉपअप, ईमेल, एसएमएस या फोन कॉल का जवाब न दें, जिसमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड, मोबाइल नंबर, एटीएम कार्ड विवरण आदि की मांग की जाए।**

वापस जाएँ

## डेबिट कार्ड

- डेबिट कार्ड उन्नत संपर्क रहित एनएफसी (नियर फील्ड कम्युनिकेशन) तकनीक के साथ आता है जो आपकी सुविधा और उपयोग में आसानी को बढ़ाता है। डेबिट कार्ड का उपयोग घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय लेनदेन के लिए भी किया जा सकता है।
- वर्चुअल डेबिट कार्ड योनो/योनो लाइट और आरआईएनबी के माध्यम से तुरंत जारी किया जा सकता है जिसका पीओएस (टोकनयुक्त रूप में, केवल वीजा और मास्टरकार्ड के लिए) और ई-कॉम लेनदेन (सभी नेटवर्क) के लिए प्रयोग किया जा सकता है।
- कार्ड धारकों को लेनदेन करने से पहले ई-कॉम, संपर्क रहित अंतरराष्ट्रीय लेनदेन सक्षम करना होगा।
- उपलब्ध बैंकिंग चैनलों जैसे योनो/योनो लाइट/आईएनबी/एटीएम/आईवीआर/शाखा का उपयोग करके डेबिट कार्ड के उपयोग को प्रबंधित करें और सीमा निर्धारित/संशोधित करें।
- इसका उपयोग ऑनलाइन खरीद (ई-कॉम) और व्यापारी प्रतिष्ठानों (पीओएस) में खरीदारी के लिए किया जा सकता है।
- एसबीआई डेबिट कार्ड का उपयोग करके ई-मैंडेट (जिसे स्थायी निर्देश के रूप में भी जाना जाता है) बनाएं।

  स्थायी निर्देश (एसआई) मर्चेंट वेबसाइट / ऐप पर पंजीकृत किया जा सकता है जैसे, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर एसआई, ओटीटी प्लेटफॉर्म/बीमा भागीदार/बिजली/गैस/पानी के बिल, आदि।
- कार्ड धारक मर्चेंडाइज, गिफ्ट कार्ड, मूवी टिकट, रिचार्ज और अन्य वस्तुएं प्राप्त करने के लिए रिवार्ड पॉइंट्स का उपयोग कर सकते हैं। जन्म के महीने के दौरान सक्रिय करने और उपयोग पर बोनस अंक प्राप्त करें।
- कार्ड धारक चुनिंदा डेबिट कार्ड प्रकारों पर उपलब्ध पूरक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर के बारे में विवरण के लिए https://bank.sbi पर जाएं।
- अधिक जानकारी के लिए, ग्राहक टोल फ्री नंबर 18001234/18002100/1800112211 पर हमारे संपर्क केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।
- हम प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों और कॉर्पोरेट्स के सहयोग से सह-ब्रांडेड डेबिट कार्ड भी प्रदान कर रहे हैं।

  कभी भी अपना कार्ड नंबर/सीवीवी, पिन, ओटीपी, एक्सपायरी डेट आदि किसी के साथ शेयर न करें, भले ही वह व्यक्ति बैंक कर्मचारी होने का दावा करता हो।

## प्रीपेड कार्ड

- प्रीपेड कार्ड स्टोर वैल्यू कार्ड हैं जिनका उपयोग एटीएम पर नकदी आहरण के लिए किया जा सकता है और इसका उपयोग ऑनलाइन खरीद और व्यापारी प्रतिष्ठानों में खरीदारी के लिए किया जा सकता है।
- गिफ्ट कार्ड व्यक्तियों द्वारा निकट रिश्तों को उपहार देने के उद्देश्य से और कंपनियों द्वारा विशेष अवसर- जन्मदिन, वर्षगांठ, त्योहारों आदि पर अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को उपहार देने के लिए खरीदा जा सकता है।
- ईजेड पे कार्ड एक सामान्य उद्देश्य का रीलोड करने योग्य कार्ड है जिसमें अधिकतम रु. 2,00,000/- तक की राशि भरी जा सकती है।
- ग्राहक https://oneview.prepaid.sbi पोर्टल का उपयोग करते हुए प्रीपेड कार्ड के उपयोग का प्रबंधन और लिमिट निर्धारित कर सकते हैं।
- आगे की जानकारी के लिए कृपया हमारे संपर्क केंद्र से टोलफ्री नंबर 18001234/ 18002100/ 1800112211 पर संपर्क करें।

## स्टेट बैंक विदेश यात्रा कार्ड

- एसबीएफटीसी विदेश में विदेशी मुद्रा ले जाने का एक सुविधाजनक, सहज और सुरक्षित तरीका है। कार्ड नेपाल, भूटान और भारत को छोड़कर दुनिया भर में मान्य है।
- कार्ड अधिकृत शाखाओं से खरीदा जा सकता है। कार्ड एकल मुद्रा (8 मुद्राओं अर्थात यूएसडी, जीबीपी, यूरो, सीएडी, एयूडी, एसजीडी, जेपीवाई, एसएआर) और बहु-मुद्रा रूपों (9 मुद्राओं अर्थात यूएसडी, जीबीपी, यूरो, सीएडी, एयूडी, एसजीडी, एईडी, एसएआर, जेपीवाई) में उपलब्ध हैं।
- कार्ड की वैधता अवधि 5 वर्ष है और समाप्ति की तारीख तक किसी भी संख्या में पुन: लोड की अनुमति है। ऐड ऑन कार्ड भी उपलब्ध है।
- कार्ड का उपयोग नकदी निकालने, पीओएस और ऑनलाइन ई-कॉमर्स साइटों पर भुगतान करने के लिए किया जा सकता है।
- उपयोग का प्रबंधन करना और https://prepaid.sbi का उपयोग करके प्रीपेड कार्ड की सीमा को सेट/संशोधित करना
- ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग/योनो/योनो लाइट और एसबीआई प्रीपेड कार्ड साइट https://prepaid.sbi, https://oneview.prepaid.sbi/ के माध्यम से कार्ड/पिन सेट/पिन चेंज में मुद्रावार बैलेंस को ब्लॉक/अनब्लॉक/देख सकते हैं/अंतरराष्ट्रीय लेनदेन के लिए सक्षम/अक्षम भी कर सकते हैं।
